तापमान

अधिकतम 28.6 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 9 नवंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया





## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रतनपुर प्रवास पर

**बिलासपुर।** छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 9 नवंबर को रतनपुर के प्रवास पर रहेंगे। श्री साय दोपहर 12.35 बजे रायपुर से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे हेलीपेड महामाया रतनपुर पहुंचेंगे। इसके बाद वे महामाया मंदिर दर्शन करने जाएंगे। तत्पश्चात वे रतनपुर में आयोजित कल्चुरी कलार महोत्सव में शामिल होंगे। दोपहर 2.30 बजे वे हेलीपेड रतनपुर जाएंगे। यहां से वे सड़क मार्ग से बलौद के लिए रवाना होंगे।



### कसौंधन महासभा ट्रस्ट का दीपावली मिलन आज

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट का दीपावली मिलन 9 नवंबर रविवार को दोपहर 2 बज़े नागोराव शेष स्कूल चौक कर्बला रोड में रखी गई है। आयोजन समिति के रमेश गुप्ता सहित कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। इस मिलन समारोह में 21 दिसंबर को वैवाहिक परिचय सम्मेलन की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### तापमान में गिरावट सताने लगी ठंड

**बिलासपुर।** पिछले दो दिनों से तापमान में गिरावट आ रही है। शनिवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की कमी देखी गई। इस दौरान सुबह और शाम के समय ठंडी हवाएं सताने लगी है। शाम होते ही वातावरण में ठंडक बढ़ रही है, रात होते-होते पारा गिरने लगता है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं के सितम सहने पड़ेंगें।

### केवाईसी के लिए भटक रही हैं महिलाएं

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के अनुसार महतारियों को एक हजार रूपए दिया जाता है। वर्तमान में लाखों महतारियों के खातों में त्रुटि पाई गई है जिसके बाद केवाईसी की प्रक्रिया चल रही है लेकिन सीएससी ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र के कुछ ही सेंटरों में ई केवाईसी की सुविधा दी है जिसके चलते महिलाओं को भटकना पड़ रहा है। साथ ही जिन सेंटरों में महिलाएं पहुंच रही है, वहां भी सर्वर की समस्या के कारण ई-केवाईसी नहीं हो रही है। जिसके चलते महिलाओं को भटकना पड़ रहा है।

### सदस्यता सूची पर दावा आपत्ति 16 तक

**बिलासपुर।** नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 10 से 16 नवम्बर तक शाखा प्रबंधक शुभम मित्तल के पास बैंक कार्यालय बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड में अथवा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आरके गुप्ता के समक्ष कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर में प्रस्तुत कर सकते है। आपत्तियों का निराकरण एवं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 18 नवम्बर को होगा।

### संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन 14 तक

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए इच्छुक पात्र उम्मीदवार 14 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन एवं अनिवार्य नियम एवं शर्तें जिले की वेबसाइट bilaspur.gov.in में दिए गए लिंक के माध्यम से देखा एवं आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# किसी का एडमिशन अटका तो किसी की नौकरी, अंकसूचियों में त्रुटियों के 20 हजार से अधिक मामले, सुधारने में लग रहे महीनों

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

माध्यमिक शिक्षा मंडल छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करता नजर आ रहा है। बोर्ड हर साल हजारों अंकसूचियों में गलतियां करता है और उसका खामियाजा विद्यार्थी उठाते हैं। मंडल इन गलतियों को ठीक के लिए शुल्क वसूल रहा है। इससे प्रदेश भर के विद्यार्थियों से जहां बोर्ड को तो लाखों रुपए की कमाई हो रही है, लेकिन दूसरी ओर समय पर इन त्रुटियों में सुधार नहीं होने से किसी की सरकारी नौकरी अटकी पड़ी है तो कोई एडमिशन के लिए परेशान हो रहा है। देरी का आलम यह है कि 20 हजार से अधिक आवेदन पेंडिंग पड़े हैं छात्रों को महीनों इंतजार करना पड़ रहा है। उसमें भी बड़ी बात यह है कि माशिमं ने अपना संभागीय मुख्यालय तो बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा और बस्तर में बनाया है, लेकिन अंकसूची में सुधार रायपुर मुख्यालय में ही होगा। इससे प्रदेश भर के स्कूली छात्रों के सामने इसके लिए रकम और समय खर्च कर रायपुर मुख्यालय के चक्कर काटने की मजबूरी है।

## माशिमं कर रहा छात्रों के भविष्य से खिलवाड़

- हर साल 5000 विद्यार्थियों की मार्कशीट में गलतियां, सुधारने के लिए 250 रुपए



गौरतलब है कि 10वीं व 12वीं की मार्कशीट में नाम, अंक में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कई बार त्रुटियां की जाती हैं। उसमें गड़बड़ी होने पर खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ता है। त्रुटि सुधार के लिए माशिमं को 250 रुपए ऑनलाइन पोर्टल पर फीस जमा करना पड़ती है। एक से डेढ़ माह बाद नई अंकसूची मिलती है। इसके बाद भी गलती हुई तो फिर वहीं प्रक्रिया विद्यार्थी को करनी होती है। माशिमं के मुताबिक ही हर साल प्रदेश भर में औसतन 5000 छात्रों की मार्कशीट में त्रुटि आ रही है। नाम, सरनेम में एक अक्षर गलत, अंकों में कुछ शब्द का हेरफेर होता है। जन्मतिथि या माता-पिता के नाम में भी गड़बड़ी का जिम्मेदार विद्यार्थियों को ही माना जाता है।

## हर साल करीब 1500 आवेदन पेंडिंग हो रहे

माशिमं की संभागीय संगीता गंगोत्री ने बताया कि ने जिस किसी भी छात्र की अंकसूची में त्रुटि है, वह शपथ पत्र के साथ आवेदन कर सकता है। इसमें 10वीं की अंकसूची की सत्यापित कापी भी संलग्न करनी होगी। यहां से आवेदन को राज्य कार्यालय भेजा जाएगा, जहां से नई अंकसूची बनकर आएगी। रिजल्ट निकलने के दो महीने के भीतर आवेदन करने पर कोई शुल्क नहीं लगता। इसके बाद 250 रुपए आनलाइन शुल्क जमा करते हुए आवेदन किया जा सकता है। ज्ञात हो कि बोर्ड में हर साल करीब 5 हजार आवेदन अंकसूची में सुधार के लिए आते हैं। इसमें से 70 प्रतिशत केस का ही निपटारा हर साल हो पाता है। हर साल करीब 1500 आवेदन पेंडिंग हो जाते हैं। इनमें से कई आवेदन ऐसे सालों से लंबित है और परेशान छात्र चक्कर काट रहे हैं।

## बिलासपुर से लेकर बस्तर व सरगुजा के मामले

बोर्ड ने अंकसूची में सुधार के लिए समय सीमा तय की हुई है। जितना देरी से इसके लिए आवेदन होगा उतना अधिक शुल्क लगेगा। अधिकारियों के अनुसार बोर्ड में 20 साल पुराने मार्कशीट में सुधार करवाना है तो इसके लिए 2 हजार रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। खास बात है कि 4 महीने से माशिमं मुख्यालय से अंकसूचियों में सुधार और संशोधन का काम रुका पड़ा है। सैकड़ों आवेदन वापस भी किए जा चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार आवेदनों में ही खामियां थी, इसलिए सुधार संभव नहीं था। दूसरी ओर बोर्ड में त्रुटियों को ठीक कराने के लिए प्रदेश के सभी जिलों के छात्र परेशान हैं। बिलासपुर से लेकर बस्तर और सरगुजा तक के छात्रों के आवेदन पेंडिंग हैं।

## शपथपत्र देकर आवेदन कर सकते हैं

अंकसूची में सुधार का विद्यार्थी पर कोई भार नहीं पड़े इसलिए ही रिजल्ट जारी होने के 2 महीने के भीतर आवेदन करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। इसके बाद के आवेदनों पर 250 रुपए आनलाइन शुल्क देना पड़ता है। जिस किसी भी छात्र की अंकसूची में त्रुटि है, वह शपथ पत्र के साथ आवेदन कर सकता है। इसमें 10वीं की अंकसूची की सत्यापित कापी भी संलग्न करनी होगी।

**- संगीता गंगोत्री**, संभागीय अधिकारी, माशिमं

## तीन स्तर पर होती है जांच फिर भी गलती

ज्ञात हो कि बोर्ड का परीक्षा फॉर्म भरने से पहले तीन स्तर पर जांच होती है। इसमें छात्र-छात्राओं के नाम और सरनेम को प्रिंट में भेजने के पहले चेक किया जाता है। विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म भरने के समय स्वयं जांचते हैं। फिर शिक्षक फॉर्म व विद्यार्थी का पूरा रिकॉर्ड चेक कर माध्यमिक शिक्षा मंडल भेजा जाता है। उसी के आधार पर मार्कशीट तैयार की जाती है। इस तरह गड़बड़ी के लिए छात्र या स्कूल प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होता, लेकिन माशिमं के अफसर अपनी गलती नहीं मानते। इसके कारण छात्रों की परेशानी बढ़ जाती है।

## त्रुटि सुधार की ये प्रक्रिया

जिस किसी भी छात्र की मार्कशीट में त्रुटि है, तो उसे शिक्षा मंडल की वेबसाइट से आवेदन करना होता है। जिसमें उसे लॉगिन करने के बाद शपथ पत्र, सभी मार्कशीट की सत्यापित प्रति भी संलग्न करनी होगी। साथ ही पहचान पत्र, दाखिला खारिज जैसे कई कागजात जमा करने होते हैं। आवेदन स्वीकार होने के बाद नई मार्कशीट तैयार कर दी जाती है। इसमें कुछ तय शुल्क भी लिया जाता है।

## गड्ढों से परेशान होते लोग : नेहरू चौक से लालखदान तक बनेगी सड़क

# सड़क पर उड़ रहा है धूल का गुबार



जूना बिलासपुर की खस्ताहाल सड़क पर राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की सड़कें खस्ताहाल है, बारिश बंद होने के बाद हर किसी को सड़क सुधरने की उम्मीद है लेकिन अभी कुछ महीनें लोगों को धूल के गुबार और गड्ढों का सामना करना पड़ेगा। दरअसल पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर निर्माण में विलंब होना तय है। इस दौरान नेहरू चौक से जूना बिलासपुर, गांधी चौक से लाल खदान और लाल खदान से ढेका तक की सड़कों का निर्माण होना है, लेकिन इसमें 4 माह का समय लग सकता है।

सड़कों पर धूल के गुबार से लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी है, सर्दी का मौसम आ चुका है और लोगों को दमा और श्वासन संबंधी परेशानी से जूझना पड़ रहा है, सड़क की धूल इस समस्या में इजाफा कर रही है। शहर में पीडब्ल्यूडी की 13 सड़कें है, इसमें से ज्यादातर बद से बदतर हालत में है। गांधी चौक से तोरवा की सड़क पर रोजाना धूल उड़ रहे है। वहीं लाल खदान के बीच सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढें हो चुके है। जिसमें डामर किया जाना है। कुछ सड़कों पर काम जारी कर दिया गया है लेकिन नेहरू चौक से लाल खदान की सड़कें पूरी तरह से ध्वस्त है। इस सड़क पर 30 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है, लेकिन फाइल अंतिम मुहर के लिए रायपुर भेजी गई है, इसलिए निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। इस बीच सड़क से गुजरना लोगों के लिए परेशानी दे रहा है, धूल व गड्ढों की वजह से आवागमन दिक्कतों भरा है।

## खस्ताहाल सड़कों से दुर्घटनाएं



लालखदान की सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे।

## लाल खदान से ढेका के बीच होगी सड़क चौड़ी

लाल खदान से ढेका के बीच पुरानी सड़क चौड़ी होगी। इसे 14 मीटर किया जाएगा। जिससे यातायात की समस्या में आ रही दिक्कतें ठीक हो सकेगी। खास बात यह है कि यहां शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, ऐसे में पीडब्ल्यूडी सड़क पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कर रहा है।सड़क चौड़ी होने के बाद हादसों में भी कमी आने की उम्मीद है।

## शहर की सड़कें होगी रौशन

पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अनुसार पीडब्ल्यूडी की सड़कें एक बार फिर से रोशन होगी। नेहरू चौक से लाल खदान तक जहां सड़कों पर नए सिरे से लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। फिलहाल गांधी चौक से तारबहार तक नए पोल लगाए जा रह रहे है। नेहरू चौक से लाल खदान के बीच सड़क पर रैलिंग, स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। सड़कों पर यातायात नियमों के अनुसार पार्किंग मार्क भी लगाई जाएगी।

## एक महीने में शुरू होगा काम

सड़कों को नए सिरे से बनाया जाएगा। इसके लिए स्वीकृति हो चुकी है। निविदा समिति की बैठक के बाद काम शुरू किया जाएगा। फाइल आगे भेज दी गई है। महीने भर में काम शुरू होगा।

**- आर के रात्रे,** चीफ इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी

# नशे में कार चालक ने डाक्टर की खड़ी कार को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- क्षतिग्रस्त हो गई कार, पुलिस ने दर्ज किया जुर्म

नशे में कार चालक ने खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए डाक्टर की खड़ी कार को टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला शुभम विहार जेपी हाईटस निवासी डाक्टर प्रभुदत्त साहू पिता परिहित साहू ने 7 नवंबर को रात 8.45 बजे अपनी कार क्रमांक सीजी 04 एनजे, 0429 से रिंग रोड नम्बर 2 में खड़े किया था। इसी दौरान महाराणाप्रताप चौक की ओर से कार क्रमांक एमपी 07 सीएच, 2363 के चालक शशिकांत शर्मा ने शराब पीकर तेजी एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक तरीके से चलाते हुए उनकी कार को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार सहित चालक को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने डाक्टर की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 281, 324 व 184, 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को नहीं मिला लुटेरों का सुराग

# कार ड्राइवर से मारपीट, मोबाइल चाबी लूटकर भागे आरोपी

**बिलासपुर।** बाइक सवार दो युवकों ने ओवरटेक कर कार को रोका और ड्राइवर से मारपीट कर गाड़ी की चाबी व मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, छोटी कोनी दैहानपारा निवासी मुकेश अनंत पिता चंद्रप्रकाश अनंत ड्राइवरी करते हैं। 6 नवंबर को वे अंशु टैक्सी की कार क्रमांक सीजी 10 बीवाय,8583 में सवार होकर नेहरू चौक से चकरभाठा एयरपोर्ट जा रहे थे। सुबह 11.30 बजे राजीव गांधी चौक ओवरब्रिज के पास बाइक क्रमांक सीजी 10 बीई, 2490 में सवार दो युवक ओवरटेक पर उनकी कार को रोक लिया। शीशा खोलने पर पर दोनों युवकों ने कार से बाइक को रगड़ दिए हो कहते हुए मारपीट कर मोबाइल व कार की चाबी लूटकर नया बस स्टैण्ड की ओर भाग गए। पुलिस ने ड्राइवर की रिपोर्ट पर बाइक सवार गुलाम रसूल व एक अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 126, 2, 296, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# घायल यात्रियों के उपचार में रेलवे के 3 करोड़ खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



**खड़ी मालगाड़ी पर चढ़ गई लोकल ट्रेन, 8 की मौत, 20 घायल, यात्रियों को बचाने के लिए कटर से काटी बोगी**

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

दुर्घटनाग्रस्त कोरबा-बिलासपुर लोकल ट्रेन में सफर करने वालों में 20 से अधिक यात्री घायल हो चुके हैं, जिनका उपचार हास्पिटल में कराया जा रहा है। इसके लिए विशेष रूप से बिलासपुर रेल मंडल के सीनियर डीएसएम निगरानी कर रहे हैं। वहीं घायलों के उपचार में अब तक रेलवे की ओर से तीन करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। घायल यात्रियों के उपचार पर बिलासपुर रेल मंडल के कामर्शियल विभाग के अफसर और स्टाफ लगातार निगरानी कर रहे हैं।

रेल अफसरों के अनुसार रेल मंत्रालय के मुआवजा राशि की घोषणा के बाद मृत यात्रियों के परिजन को 10 लाख रुपए और गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 5 लाख रुपए के साथ चोटग्रस्त यात्रियों को 1 लाख रुपए 48 घंटे दिया गया है। सबसे बड़ी परेशानी मृत यात्रियों के परिजन को राशि देने में हो रही है। इस राशि को लेने के लिए कोई भी आकर खड़ा हो जा रहा है। अगर कोई पुरुष यात्री है तो उसकी पत्नी को पहले प्राथमिकता दी जानी है, जिसके नहीं रहने पर उनके बच्चों को यह राशि मिलनी है। इस कार्य में काफी परेशानी हो रही है।

## चेक किए जा रहे दस्तावेज

10 लाख रुपए की मुआवजा राशि को रेलवे के अफसरों ने 48 घंटे के अंदर जारी कर दिया है। इसके लिए मृतक के परिजन को बुलाकर पूछताछ करने के साथ सारी पुष्टि के अलावा दस्तावेज की जांच भी की जा रही है। इसमें मुख्य रूप से बैंक अकाउंट, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज को जांच करने के उपरांत ही उनके खाते में राशि ट्रांसफर करने की प्रक्रिया हो रही है।

## यात्रियों पर पूरा ध्यान

असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज की हालत भी काफी गंभीर है। वहीं मृत यात्रियों को 10 लाख, घायल यात्रियों को 5 लाख, चोटग्रस्त यात्रियों को 1 लाख रुपए भी तत्काल 48 घंटे के अंदर जारी किया गया है। इसमें जो भी यात्री गंभीर रूप से घायल हैं, उन सभी यात्रियों पर रेलवे का पूरा ध्यान है जिनके सही तरीके से उपचार पर निगरानी रखी जा रही है।

**- अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम रेल मंडल बिलासपुर

## सुबह से शाम तक अफसरों से पूछताछ की फिर वापस कोलकाता रवाना हो गए सीआरएस

मालगाड़ी के साथ कोरबा-बिलासपुर लोकल दुर्घटना मामले में रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा ने तीसरे दिन सुबह से शाम तक संरक्षा और सुरक्षा से जुड़े सारे अफसरों के साथ पूछताछ की। शाम को 5.30 बजे तक पूछताछ करने के बाद श्री मिश्रा कोलकाता के लिए रवाना हो गए।


मंगलवार 4 नवम्बर को गतौरा से लालखदान के बीच खंभा नंबर 421/20 से लेकर 421/24 के अंतराल में कोरबा से बिलासपुर सैकड़ों यात्रियों को लेकर आ रही लोकल मेमू अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा इस मामले की जांच कर रहे हैं। सीआरएस घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद पिछले तीन दिन से लगातार अधिकारियों-कर्मचारियों से पूछताछ कर रहे थे, जिन्हें साक्ष्य के साथ उपस्थित होने का आदेश दिया गया था। दो दिन तक इन सभी से पूछताछ करने के बाद तीसरे दिन शनिवार को छुट्टी के दिन इलेक्ट्रिकल ओपी, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, एसएंडटी, सीएंडडब्लू, आपरेटिंग सहित घटना से जुड़े अन्य विभागों के अफसरों को बुलाया गया था। सुबह 10 बजे से पूछताछ का दौर शाम 5.30 बजे तक चलता रहा।

## मृत चालक का मिला बैग व मोबाइल

शनिवार की सुबह घटना स्थल पर पड़े ब्रेक यान और इंजन की जांच करने के लिए आरपीएफ की टीम पहुंची थी। इंजन में आलू-प्याज के साथ किसी के टिफिन डिब्बे, खून के धब्बों के अलावा किसी यात्री के बैग व अन्य सामान भी रखे हुए थे। इन सभी सामानों को यथावत इंजन के अंदर छोड़ने के बाद आरपीएफ ने चालक की सीट के पास जांच की। इस दौरान टीम को मृत चालक के बैग व मोबाइल मिले। बैग के अंदर जांच करने पर उसमें कपड़ों के अलावा उपकरण की जांच करने के सामान भी रखे हुए थे। बैग व मोबाइल को सीआरएस के सुपुर्द कर दिया गया।


MARK OF EXCELLENCE

अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा मस्तिष्क की जटिल समस्याओं का समाधान




- अल्जाइमर रोग
- माइग्रेन (बार-बार चक्कर आना)
- साईटिका
- पैरालिसिस लकवा (स्ट्रोक)
- मिरगी रोग
- पार्किंसन्स
- नसों की दिक्कत
- सिर दर्द
- स्पाइनल कॉर्ड
- माँसपेशियों की कमज़ोरी
- शरीर में कम्पन
- मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस)
- मायस्थेनिया ग्रेविस
- मानसिक बीमारी (ब्रेइन्फेक्शन)
- मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हैमरेज)

• EEG • EMG • NCV की सुविधा

MARK HOSPITAL

SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013

Tertiary Care - Super Speciality Hospital

NABH Accredited Hospital

Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU

FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850

Website: www.markhospital.com

Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS


|| जय महामाया ||
जय कल्चुरि - जय कलार
|| जय सहस्त्र बाहू ||
अति विशिष्ट अतिथि मा. श्री तोखन साहू जी केन्द्रीय राज्य मंत्री (भारत सरकार)
अति विशिष्ट अतिथि मा. श्री अरुण साव जी उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
अति विशिष्ट अतिथि मा. श्री विजय शर्मा जी उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
अति विशिष्ट अतिथि मा. श्री राजेश अग्रवाल जी मंत्री छ.ग. शासन पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व
विशिष्ट अतिथि मा. श्री धरमलाल कौशिक जी (विधायक, बिल्हा)
विशिष्ट अतिथि मा. श्री अमर अग्रवाल जी (विधायक, बिलासपुर)
विशिष्ट अतिथि मा. श्री पून्नु लाल जी (विधायक, मुंगेली)
विशिष्ट अतिथि श्रीमती संगीता सिन्हा जी (विधायक, बालोद)
विशिष्ट अतिथि मा. श्री योगेश्वर राजू सिन्हा जी (विधायक, महासमुंद)
विशिष्ट अतिथि मा. श्री ठा. धरमजीत सिंह जी (विधायक, तखतपुर)
विशिष्ट अतिथि मा. श्री सुशांत शुक्ला जी (विधायक, बेलतरा)
विशिष्ट अतिथि मा. श्री अटल श्रीवास्तव जी (विधायक, कोटा)
विशिष्ट अतिथि मा. श्री दिलीप लहरिया (विधायक मस्तुरी)
विशिष्ट अतिथि मा. श्री रूपनारायण सिन्हा जी
विशिष्ट अतिथि मा. श्री प्रबल प्रताप जुदेव जी
विशिष्ट अतिथि मा. श्री लव कुश कश्यप जी (अध्यक्ष-नगर पालिका रतनपुर)
विशिष्ट अतिथि मा. श्री विकास महतो (संरक्षक, कल्चुरी कलार महोत्सव)
विशिष्ट अतिथि मा. श्री जयनारायण चौकसे जी
पूर्व में कल्चुरियों की राजधानी रतनपुर में आयोजित
कल्चुरि कलार महोत्सव
09 नवम्बर 2025
स्थान - माँ महामाया प्रांगण रतनपुर, बिलासपुर
आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन...
मुख्य अतिथि
मा. श्री विष्णुदेव साय जी
(मुख्यमंत्री छ.ग. शासन)
|| जय सहस्त्र बाहू ||
|| माँ महामाया ||
अध्यक्षता
मा. श्री श्यामबिहारी जायसवाल जी
(मंत्री छ.ग. शासन)
(लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, 20 सूत्रीय कार्यक्रम)
जयतु कल्चुरि विजयतु महिष्मति
युवराज सिन्हा (संरक्षक)
मनोज राय (संरक्षक)
विजय जायसवाल (संरक्षक)
रामगोपाल डिकसेना (संरक्षक)
अशोक जायसवाल (संरक्षक)
दिनेश जायसवाल (जिला संयोजक)
राजेन्द्र जायसवाल (प्रभारी)
संजय मोहबे (कोषाध्यक्ष)
जयतु कल्चुरि विजयतु महिष्मति
मोहित जायसवाल (अध्यक्ष आयोजन समिति)
सुनील जायसवाल (संयोजक)
सुरेंद्र जायसवाल (संयोजक)
रमेश जायसवाल (महामंत्री आयोजन समिति)
आयोजन समिति - कल्चुरि कलार महासंघ छत्तीसगढ़
AdPRAYAS

## निधन

### दीपक शुक्ला

**बिलासपुर।** राज किशोरनगर शनिमंदिर (पूर्व गोड़पारा) निवासी स्व. राजेंद्र प्रसाद शुक्ला के पुत्र दीपक शुक्ला का 8 नवंबर शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा रविवार 9 नवंबर को सुबह 10 बजे राज किशोरनगर से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मुक्ति शुक्ला के पति व संदीप शुक्ला के भाई थे।

### रमा तिवारी

**बिलासपुर।** केरा (शिवरीनारायण) निवासी रमा तिवारी का 8 नवंबर को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 9 नवंबर को उनके गृह ग्राम केरा में होगा। वे प्रताप चंद्र तिवारी की पत्नि, भारती पांडेय, चंद्रशेखर तिवारी, रामगोपाल, नरेन्द्र, अश्वनी तिवारी की मां थीं।

### मीना देवी मुखर्जी

बिलासपुर। राजकिशोर नगर लिंगियाडीह बेला अपार्टमेंट निवासी मीना देवी मुखर्जी का 8 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 नवंबर को सरकंडा मुक्तिधाम में होगा। वे सुभाष चंद्र मुखर्जी की पत्नी, अनल मुखर्जी की मां और सूजल मुखर्जी की दादी थीं।

### उमा देवी सराफ

बिलासपुर। ड्रीमलैंड स्कूल के पीछे सरकंडा निवासी उमा देवी सराफ का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे स्वर्गीय शिवकुमार सराफ की धर्मपत्नी, प्रकाश सराफ और दीपक सराफ की माता थी।

### महेश पाण्डेय

**तखतपुर।** बेलसरी निवासी महेश पांडेय का 47 वर्ष की आयु में 8 नवंबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### रेखा यादव

**तखतपुर।** ग्राम मौहाभाठा निवासी रेखा यादव का 30 वर्ष की आयु में शनिवार 7 नवंबर को निधन हो गया। वे पुनीत यादव की पत्नी, ज्वाला यादव की बहू एवं मधु, समीर, आयुष यादव की मां थीं। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मौहाभाठा में किया गया।

### इकबाल कौर

**तखतपुर।** वार्ड 8 सदर बाजार निवासी इकबाल कौर 90 वर्ष की आयु में शनिवार 8 नवंबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे हरविंदर सिंह हूरा की मां, कांग्रेस पार्षद लवली हूरा की सासु मां, डॉ मदन सिंह हूरा की भाभी, बृजपाल सिंह हूरा, आशू हूरा की बड़ी मां थीं।

# माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल में मना राज्योत्सव



**मुंगेली।** माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव बड़े उत्साह, रंगारंग प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के डायरेक्टर आलोक पाठक, कोषाध्यक्ष सुरेश सत्यपाल और अभिलाष सिंह ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया।

विद्यालय के बच्चों ने सामूहिक रूप से छत्तीसगढ़ राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार' का गायन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सुआ नृत्य और राउत नाचा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सुआ नृत्य में बच्चियों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में मनमोहक नृत्य कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वहीं राउत नाचा में बच्चों ने छत्तीसगढ़ के कृषक वर्ग एवं यादव समुदाय की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। प्रदर्शन के दौरान पूरा परिसर छत्तीसगढ़ की लोकधुनों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से उत्साहपूर्ण रहा। विद्यालय परिसर में लगाई गई छत्तीसगढ़ राज्योत्सव प्रदर्शनी बच्चों और अभिभावकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसमें छत्तीसगढ़ के लोकपरंपराएं, इतिहास, धार्मिक धरोहर, व्यंजन और पर्यटन स्थलों को सुंदर झांकियों के रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ी व्यंजन भाजी, बोरे बासी, ठेठरी, खुर्मी, चीला, लोक आभूषण चांदी की करधन, बिंदोरी, पगड़ी, त्योहार झांकी पोला तिहार, भैंसाझिरा, मातर पूजा, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल महामाया मंदिर रतनपुर, दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा, सिरपुर पुरातत्व धरोहर प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थल जंगल सफारी, गंगरेल बांध, चित्रकोट झरना आदि की झांकियों को देखकर अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने राज्य की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व व्यक्त किया।

## सुआ नृत्य प्रतियोगिता आज

श्रीराम प्रभात फेरी एवं हनुमान चालीसा पाठ परिवार के तत्वाधान में जिला स्तरीय सुआ लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 9 नवम्बर रविवार को आगर खेल परिसर में किया जा रहा है। सुबह 10.30 बजे सुआ नृत्य कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा एवं समापन शाम 4.30 बजे होगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके तहत प्रथम पुरस्कार 21 हजार 1 रूपए शील्ड व प्रशस्ति पत्र, दूसरा पुरस्कार 11 हजार 1 रूपए, तीसरा पुरस्कार 7 हजार 1 रूपए, चौथा पुरस्कार 5 हजार 1 रूपए, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र, पांचवां पुरस्कार 3 हजार 1 रूपए, छठवां पुरस्कार 2 हजार 1 रूपए, सातवां पुरस्कार 1 हजार 1 रूपए निर्धारित किया गया है। साथ ही अन्य सभी प्रतिभागी टीमों को टीम को सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किया जाएगा।



## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन आज

**मुंगेली।** ग्राम टेमरी में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन रविवार को होगा। ग्राम टेमरी के मां महामाया प्रांगण में शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ का शुभारंभ मंगल कलश यात्र, देव पूजन कर किया गया। रविवार को यज्ञ पूर्णाहुति प्रसाद वितरण एवं टोली की विदाई की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी जुटे रहे। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के प्रवक्ता डॉ रामकुमार साहू ने दी।

## गौ सेवा समिति ने जिपं सीईओ नपा सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**मुंगेली।** जिले में घुमंतू और घायल गौवंशों की संख्या बढ़ने से संकट गहराता जा रहा है। गौ सेवा कल्याण समिति ने इस समस्या को लेकर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय और नगर पालिका परिषद के सीएमओ होरी सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। समिति ने कहा कि, हालात नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं और प्रशासन को तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में 2-3 गौवंश घायल हो रहे हैं, जिन्हें अस्थायी शेड में रखा जाता है। वर्तमान में बांस और त्रिपाल से बने इस शेड में 40–50 गौवंशों की देखभाल हो रही है, लेकिन संसाधनों की कमी है। समिति ने मांग की है कि, शहर में जल्द सर्व सुविधायुक्त स्थायी गौशाला बनाई जाए, जिससे घायल और बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय और उपचार मिल सके।

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS, BILASPUR (C.G.)
LCIT SCHOOL OF PHARMACY II LCIT COLLEGE OF PHARMACY
lcitsop.edu.in | Near High Court Raipur Road, Bilaspur, Chhattisgarh | lcitcop.edu.in
FOR ENQUIRY
APPROVED BY
Choose The Best
CHOOSE LCIT
ADMISSION OPEN 2025-26
PHARMACY
D. Pharmacy
B. Pharmacy
M. Pharmacy
Pharmaceutics
9340512388
"Golden opportunity for 12th pass (PCM/PCB) students: Admissions open for Diploma in Pharmacy"

2nd Phase Pharmacy College Level Online Counselling Schedule

| Course | Phase | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|---|
| B.Pharmacy<br>B.Pharmacy (Lateral) | Phase-II | 07/11/2025 to 10/11/2025 | 15/11/2025 | 16/11/2025 to 19/11/2025 |
| D.Pharmacy<br>M.Pharmacy | College Level Counseling | 21/11/2025 to 25/11/2025 | - | 01/12/2025 to 05/12/2025 |

Details of Management Quota Seats for 2025-26

| Course | No. of Management Quota Seats Available |
|---|---|
| D.Pharmacy | 09 Seats |
| B.Pharmacy | 15 Seats |
| M.Pharmacy | 01 Seat |

Best Placements in the Region
From Campus to Corporate, your journey starts here.
- 60% Overall Placement Rate
- 100% Student Satisfaction
- Library with e-journals & Digital Resources
- Placement Cell for Job Opportunities
- MOU's with Pharma Companies
- Well-equipped Laboratories

8 GLORIOUS YEARS OF EXCELLENCE

Placement Stars of the Year
Shivaji Rao Bhonsle – Company Name:- GoApplly Wellness Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Khushboo Agrawal – Company Name:- Pratham Hospital, Bilaspur – B. Pharmacy
Saket Ruben Chand – Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd – B. Pharmacy
Khushi Gupta – Company Name:- SGS Technologies/Intellipaat – B. Pharmacy
Neeraj Soni – Company Name:- Apollo Pharmacy – B. Pharmacy
Tomesh Shrivas – Company Name:- Cadila Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Nikhil Vaishnav – Company Name:- GoApplly Wellness Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Sandhya Kumari – Company Name:- Pratham Hospital, Bilaspur – B. Pharmacy
Bharti Shrivas – Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd – B. Pharmacy
Kishan Barekar – Company Name:- Mark Hospital, Bilaspur – B. Pharmacy
Avinash Pal – Company Name:- GoApplly Wellness Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Ritik Rajak – Company Name:- Biogen Serums Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Aakash Kaushik – Company Name:- GoApplly Wellness Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Prakhar Pandey – Company Name:- Pratham Hospital, Bilaspur – B. Pharmacy
Hitendra Patel – Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd – B. Pharmacy
Ritika Thakur – Company Name:- AIDER Healthcare Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Bhavan Singh – Company Name:- Collabera Technologies Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Niranjan Bhagat – Company Name:- Zydus Healthcare Ltd. – B. Pharmacy

Trusted Partnerships with:
Fitwel Pharmaceuticals Pvt. Ltd. Ahmedabad Gujarat II GOA- Center for Excellence in Intellectual Property, Panaji, Goa
Pratham Hospital, Bilaspur II Mark Hospital Bilaspur II IMAEC Medntec Ltd. Pune II Life Care Hospital, Bilaspur
Shri Govind Institute of Life Care Hospital, Bilaspur.
Admission Enquiry +91 9340512388, +91 7440217555





आयोजन

## डॉ. हेडगेवार के जीवन पर नाट्य मंचन 11 को



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संस्थापक डॉ केशव बलीराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित भव्य नाट्य मंचन "युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार" का आयोजन बहतराई स्थित स्टेडियम में किया जा रहा है। मुंबई के 40 कलाकारों की यह टीम डॉ. हेडगेवार के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को सजीव मंच पर उतारेगी। यह प्रस्तुति आरएसएस के शताब्दी समारोह का प्रमुख आकर्षण होगी। शनिवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ विनोद तिवारी, डॉ ललित माखीजा, प्रफुल्ल शर्मा और कार्यक्रम संयोजक पूर्णेंदु भट्ट उपस्थित थे। डॉ तिवारी ने बताया कि यह नाट्य प्रस्तुति सवा दो घंटे की होगी, मंगलवार को शाम 5 बजे से प्रारंभ होगी। इसमें डॉ. हेडगेवार के जीवन के विभिन्न संघर्षों, उनके संगठनात्मक दृष्टिकोण और हिंदू समाज के पुनरुत्थान की प्रेरणादायक घटनाओं को कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। संघ के शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे देश में हिंदुत्व और राष्ट्रभावना के जागरण हेतु सात प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम चला रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, हर ग्राम और कस्बे तक पहुंचकर राष्ट्रविरोधी तत्वों, धर्मांतरण, वामपंथी विचारों और सामाजिक विघटन के खिलाफ जनजागृति फैलाना है। यह नाट्य प्रस्तुति केवल एक कला कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना का संदेश है। यह उन मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है, जिन्हें लेकर डॉ. हेडगेवार ने "एक संगठित, सशक्त और जागरूक भारत" का स्वप्न देखा था।

भ्रमण

## ढाई लाख किमी की यात्रा पूरी कर लौटे युवक



**बिलासपुर।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया बिलासपुर इकाई के सदस्य चंदन समझदार ने 64 की उम्र में ढाई लाख किलोमीटर की साइकिल यात्रा पूरी की। गोल बाजार में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्यों ने यात्रा पूरी करने पर उनका स्वागत किया। पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य रक्षा के उद्देश्य से चंदन समझदार ने फरवरी 2025 में बिलासपुर से अपनी यात्रा प्रारंभ की थी। यह यात्रा 10 माह में नॉर्थ ईस्ट 7 सिस्टर 1 ब्रदर की सोलो यात्रा थी। शिनाह इथान की उपाधि प्राप्त श्री चंदन 7 बार के सूडो कराते साउथ एशियन चैंपियन रह चुके हैं। इस दौरान तेज गर्मी एवं बारिश की कठिनाइयों में भी उनकी यात्रा चलती रही। सुदूर पहाड़ों में दुर्गम क्षेत्रों के अनुभव उन्हें प्रेरित करते रहे। विपरीत परिस्थितियों में भी नागालैंड, अरुणाचल, मिजोरम जैसी जगहों के ट्राइब्स के बसाहटो में इन्होंने कई दिन बिताए हैं। इसके पूर्व 2022 में 40 दिन में 45 सौ किलोमीटर की नेपाल यात्रा कर चुके है। इस कार्यक्रम में यूथ हॉस्टल बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ भास्कर चौरसिया, महेश दुबे , मोहित बाजपेई, अजय गुप्ता, नीरज पांडेय, शैलेश शुक्ला, मुरारी दुबे, आशीष खंडेलवाल, मंसूर खान उपस्थित थे।

धर्म-क्षेत्र

## हवन के साथ देवी भागवत का समापन, प्रसाद वितरण




**बिलासपुर।** पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में छत्तीसगढ़ी प्रांतीयअखंड ब्राह्मण समाज और सामग्र ब्राह्मण एकता मंच के संयुक्त तत्वाधान से हो रहे 8 दिन के श्रीमद् देवी भागवत का शनिवार को समापन हुआ। देवी के हवन में पूर्व महिला आयोग अध्यक्षा हर्षिता पांडे हवन कर आशीर्वाद लिया। कथा वाचक पंडित श्रीमानअमर कृष्ण शुक्ला द्वारा आठ दिनों तक कथा का रसपान कराया। इस कार्यक्रम में अखिलेश पाठक, देवेंद्र पाठक ,संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष वंदना तिवारी जिला अध्यक्ष मंजू पांडे, इकाई अध्यक्ष रंजना पांडे, सीमा पाठक, सुनीता पाठक, अंजना शास्त्री, अनीता शर्मा, प्रीति, सुमेधा, पूर्णिमा दुबे शर्मिला मिश्रा नीतू नीलिमा, शारदा त्रिपाठी, वंदना,नेहा, दिव्या, प्राची, कृष्णा, विमल शर्मा, ज्योत्सना दुबे, स्मृति, स्वाति, श्वेता सहित अन्य समाज के सदस्यों का सहयोग रहा।



# संकष्टी चतुर्थी पर विघ्न विनाशक की विशेष पूजा-अर्चना





शहर के रेल्वे, तिलक नगर, सरकंडा सहित अन्य गणेश मंदिरों में शनिवार को संकष्टी चतुर्थी पर विघ्न विनाशक की विशेष पूजा-अर्चना की गई। गणपति हवन कर अभिषेक किया गया। वहीं भगवान का दर्शन पूजन करने श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही।

### गणपति हवन कर किया गया अभिषेक, श्रद्धालु भक्तों की रही भारी भीड़



**भक्तों ने कराया अभिषेक**

तिलकनगर राम मंदिर में संकष्टी चतुर्थी पर 667 भक्तों के द्वारा संकष्टी चतुर्थी का अभिषेक कराया गया। श्रृंगार एवं चने का प्रसाद माधुरी हरणगावकर के द्वारा करवाया गया। पुजन का कार्यक्रम आचार्य, मधुसुदन अड़वे, योगेश दिघ्रस्कर, चिन्मय चिंचोलकर के द्वारा सम्पन्न कराया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संकष्टी का अर्थ संकटों से मुक्ति और शांति की प्राप्ति होता है। भगवान गणेश स्वयं विघ्नहर्ता कहलाते हैं, इसीलिए यह व्रत विशेष रूप से जीवन के संकटों को दूर करने के लिए किया जाता है. संकष्टी चतुर्थी व्रत की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह चंद्र दर्शन के बाद ही पूर्ण माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो व्यक्ति इस दिन विधिवत गणेश पूजा करता है, उसके जीवन से सभी प्रकार के संकट, दुख और बाधाएं समाप्त हो जाती हैं। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता कहा गया है, इसलिए उनकी उपासना से जीवन में सुख, सौभाग्य और समृद्धि का आगमन होता है। ऐसा भी माना जाता है कि इस दिन का व्रत रखने और चंद्र दर्शन करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और धन-लाभ के योग बनते हैं।

### सहस्त्रनाम अर्चना, आरती कर बांटे प्रसाद

श्रीसुमुख गणेश मंदिर रेल्वे में संकष्टी चतुर्थी की पूजा सुबह 6 से 7:30 बजे तक किया गया। गणपति हवन सुबह साढ़े 7 से 9 बजे तक, अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना, आरती 9 से साढ़े 10 बजे तक किया गया। भक्तजन दर्शन का क्रम भी दिन भर चलता रहा। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शत्रुहन राजवाड़े, अमित शर्मा, मनीष तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## बांसुरी शुक्ला ने बांसुरी पर गाया वन्देमातरम



**बिलासपुर।** बंकिमचंद्र चटोपाध्याय के उपन्यास आनंदमठ के कालजयी गीत वन्देमातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर हर कोई अलग अलग तरह से याद कर रहा हैं। इसी क्रम में जे पी हाईट्स निवासी डॉ निशांत शुक्ला व दीपिका शुक्ला की होनहार बिटिया बांसुरी शुक्ला ने वन्देमातरम की 150वीं वर्षगांठ पर अपनी बांसुरी से उसे मधुर स्वर में गाकर बिलासपुर का मान बढ़ाया हैं।

इस पर जे पी हाईट्स विकास समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बिलासपुर का मान बढ़ाने हेतु उनका आभार मानते हुए, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आने वाले समय मे अपने पिता के कदमों पर चलते हुए राष्ट्रीय स्तर पर गौरान्वित होने का आर्शीवाद दिया।

**सीएमडी महाविद्यालय का एलुमनीमीट**

सीएमडी कॉलेज में शनिवार को एलुमनीमीट का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के पूर्व 250 छात्र उपस्थित हुए। प्राचार्य डॉ. संजय सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया।

# एलुमनी महाविद्यालय की धरोहर, नाम रौशन कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि उनके पूर्वजों ने जो जमीन दान कर महाविद्यालय का निर्माण किया था वह सपना साकार हो रहा है। इस महाविद्यालय से डॉक्टर, इंजिनियर, वैज्ञानिक, राजनेता, अभिनेता, अभिनेत्री, खिलाड़ी, एथलिट्स इत्यादी महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में अपना और महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश तिवारी, सीए प्रिंस मल्होत्रा, डॉ निलय तिवारी, व्यापारी विष्णुकान्त केशरी, पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक अमृता अग्रवाल, एसोसिएट प्रोफेसर सोमनाथ भट्टाचार्य, पं. सुन्दरलाल शर्मा के सहाप्राध्यापक डॉ मोरध्वज त्रिपाठी, डॉ रोहित लहरे, डॉ रामेश्वर पटेल, रीमा विश्वास, डॉ प्रियंका अग्रवाल, डॉ सुमेला चटर्जी, डॉ स्मृति पाण्डेय डॉ एस पावनी डॉ सरोज कुमार साहू, डॉ वैभव तिवारी, डॉ प्रदीप आर्य, आरटीओ अधिकारी आनन्द शर्मा के साथ बड़ी संख्या में छात्र कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के उद्बोधन में डॉ संजय सिंह नें कहा कि एलुमनी महाविद्यालय के संपत्ति है, जो महाविद्यालय के धरोहर के रूप में जाने जाते हैं। उन्हें अपने जीवन में कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ एससी वाजपेयी, डॉ एनपी शुक्ला, डॉ राजेश शुक्ला, डॉ हर्षा शर्मा, डॉ विनित नायर, डॉ विभा सिंह, डॉ कमलेश जैन, डॉ केके शुक्ला, नरेन्द्र टंडन, विजय अरोरा का योगदान रहा।



### छात्रों ने कॉलेज के पल को किया याद



एलुमनी छात्र विष्णुकान्त केशरी ने कहा कि मैं महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग का छात्र रहा हूं। इस कार्यक्रम में आकर मेरी आंखे नम हो गई है, इस महाविद्यालय के मिट्टी को मै प्रणाम करता हूं अपने शिक्षकों के आगे अपना सिर नतमस्तक करता हूं।

सीए प्रिंस मल्होत्रा ने कहा कि मै वाणिज्य विभाग का छात्र रहा हूं आज जो कुछ भी हूं महाविद्यालय के बदौलत हूं। मै अपने गुरूजनों को प्रणाम करता हूं उनका आशीर्वाद मुझ पर सदैव बना रहे। डॉ सुमोना भट्टाचार्य नें कहा कि मैं आज जो कुछ भी हूं महाविद्यालय के बदौलत हूं विशेषरूप से वाणिज्य विभाग के गुरूजनों को अपनी जीवन की हिस्सा मानती हूं। डॉ सुमेला चटर्जी नें कहा कि मुझे आज खुशी है कि इस महाविद्यालय में पढ़कर आज इसी महाविद्यालय के प्रबंध विभाग में विभागाध्यक्ष बनकर कार्य संपादीत कर रही हूं। मैं अपनी सभी गुरूजनों के चरणों में शीष झुकाती हूं। डॉ. निलय तिवारी ने कहा कि यह महाविद्यालय सदैव छात्रों के साथ रहा है एवं जब भी किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई आई तब प्राध्यापकों ने मेरी मदद की।

स्पोटर्स न्यूज

## नीतीश का राष्ट्रीय तीरंदाजी में चयन

सबजूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में नीतीश रत्नेश का रजक पदक के साथ छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान हासिल किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राष्ट्रीय तीरंदाजी संघ ओलंपिक के उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका एवं महासचिव आयुष मुरारका के कर कमलों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विजेता तोमन कुमार द्वारा पुरस्कार दिया गया। तत्पश्चात बागबाहरा में जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता जिसमें नीतीश रत्नेश का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी स्तर पर चयन हुआ। नीतीश रत्नेश द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए प्रशिक्षक कोच मनमोहन पटेल एवं करण कश्यप के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं तोमन कुमार को भी कोच मनमोहन पटेल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। आगामी राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए 24 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश के में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवानगी होगी।



## सुष्मिता को टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक

23वी स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे स्कूल टेबल टेनिस हॉल रायपुर में आयोजित हुई। इसमें बिलासपुर की गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर के फोरेंसिक साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा सुष्मिता सोम ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से सीनियर महिला वर्ग में कुल 64 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सुष्मिता सोम ने सीनियर महिला वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त की सुष्मिता ने विगत वर्ष 2024 एवं इस वर्ष लगातार चतुर्थ बार सबसे कम उम्र की सीनियर महिला स्टेट चैम्पियन बनी। जिला टेबल टेनिस के सचिव कपिल शुक्ला एवं गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के फोरेंसिक साइंस विभाग के प्राध्यापकों ने खिताब प्राप्त करने पर सुष्मिता को शुभकामनाये दी हैं।




भवतु मंगलम् जन्मदिनम्।
राष्ट्रीय धर्माचार्य परम् पूज्य
श्री दुर्गेश जी महाराज
आपको जन्मदिन
की बहुत-बहुत बधाई एवं
शुभकामनाएं
पं. जितेन्द्र चौबे
अमर यादव
संतोष यादव
मोनू यादव
सागर सिंह
पं. विनय शर्मा

## खबर संक्षेप

### कुदुदंड स्कूल की छात्राओं को अमर ने वितरित की सायकल



**बिलासपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुदंड में 6 नवंबर को गुरुवार को सरस्वती निशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम विधायक अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल और कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर पूजा विधानी और बिलासपुर जोन के अध्यक्ष बबलू कश्यप ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्या डा. रीता तिवारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को पढाई और अध्यापन के लिए किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उनको भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। उसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर जिला जोन अध्यक्ष बबलू कश्यप, भाजपा पूर्व अध्यक्ष अजीत भोगल, सरिता ठाकुर, शशांक चौहान, वार्ड पार्षद अनीता कश्यप, मिनाक्षी यादव, राजेन्द्र ठाकुर, व्याख्याता सगीता, कुसुम, माधुरी, सीमा, संगीता, ज्योति पाठक, मुरारी, रेखा, सोनल आदि मौजूद थीं।

### अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने पूर्णिमा को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विवि के अंतर्गत पूर्णिमा साहू को राजनीति विज्ञान में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य 2013 और 2018 विधानसभा चुनाव में मतदाता मतदान व्यवहार का अध्ययन बिलासपुर जिले के विशेष संदर्भ विषय पर डॉ जी.एस. धुर्वे के निर्देशन में पूर्ण किया। इसका श्रेय उन्होंने अपने माता -पिता एवं डॉ रुक्मणी गेंदले को दिया है। पूर्णिमा वर्तमान में अतिथि व्याख्याता के पद पर कार्यरत है।



### जीडीसी की छात्राओं ने जाना कैंसर से बचाव के उपाय



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग एवं अपोलो हॉस्पिटल्स के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर "कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम" का आयोजन महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. एस.आर. कमलेश ने की। मुख्य वक्ता अपोलो हॉस्पिटल्स की स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. सोफिया सुल्ताना उपस्थित रहीं। वक्तव्य में डॉ. सुल्ताना ने महिलाओं में होने वाले विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके चार चरणों तथा स्व-परीक्षण के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने एचपीवी वैक्सीनेशन की आवश्यकता और इससे बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कैंसर से संबंधित अनेक जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वयन डॉ. डीपी देवांगन द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. रमेश कुमार पाण्डेय, प्राध्यापक प्रो. ए.एन. सिंह, प्रो. जे.पी. दुबे तथा अन्य प्राध्यापक दिगेश कुमार, प्रियांका धीरे, आदित्य कुमार और अनुपमा पात्रे की उपस्थिति रही।

### डीपी विप्र के कैंपस ड्राइव में छात्र-छात्राओं का चयन

**बिलासपुर।** डीपी महाविद्यालंय के प्लेसमेंट सेल एवं आईक्यूएसी तथा एनआईआईटी के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस ड्राइव में एनआईआईटी राजस्थान से विकास पाण्डेय तथा नाइसटेक कम्प्यूटर से प्रेक्षा ताम्रकार, तानिया गुप्ता, कुमारी खुशी उपस्थित थे। एनआईआईटी राजस्थान से आये हुए,विकास पाण्डेय ने एचडीएफसी बैंक तथा एक्सीस बैंक में होने वाले नियुक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दिए, छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में इस कैंपस ड्राइव का लाभ लेने के लिए उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में शासी निकाय के अध्यक्ष अनुराग शुक्ला एवं सदस्य राजकुमार अग्रवाल जी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोजगार संबंधी जानकारियां दी कैंपस ड्राइव से होने वाले लाभ प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किये। इस कैंपस ड्राइव में महाविद्यालय के नियमित छात्र-छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं एवं स्वाधायी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस कैंपस ड्राइव की अध्यक्षता महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ एमएस तंबोली ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बैंक में रोजगार से होने वाले लाभों के बारे से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। इस कैंपस ड्राइव का संचालन महाविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. बिजय कर्मकार द्वारा किया गया। इस कैंपस ड्राइव में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक डॉ मनीष तिवारी,डॉ निशिश चौबे, प्रोफेसर ए श्री राम,अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

**अफसर कर रहे निगरानी** | 59 हजार 333 पीएम आवास बनाने का टारगेट, 24 हजार से अधिक आवासों का चल रहा निर्माण

# ग्रामीणों के आशियाने बनाने में जिला आगे, 35 हजार पीएम आवास बनकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत गरीबों के आवास बनाने में प्रदेशभर के जिलों में बिलासपुर जिला आगे चल रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तहत जिले को 59 हजार 333 आवास निर्माण का टारगेट मिला था, जिसमें से स्वीकृति पश्चात 35 हजार से अधिक आवासों का निर्माण पूर्ण हो गया है, जबकि 24 हजार 329 आवासों का काम अभी चल रहा है।

सालभर में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के कार्यो में काफी गति आई है। क्योंकि पिछले शासनकाल में योजनान्तर्गत आवासों की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य धीमा रहा है। विधानसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की तेजी से स्वीकृति हो गई और हितग्राहियों को आवास की राशि डीबीटी के माध्यम से किश्त-किश्त में जारी भी होती गई। अवास निर्माण में तेजी लाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक पखवाड़ा आवास पूर्णता का लक्ष्य देकर नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा भी की जाती रही। इसके साथ ही जिला पंचायत व जनपद पंचायत स्तर पर भी योजना तहत तहत तकनीकी टीम के साथ लगी रही तथा आवासों की गुणवत्ता एवं हितग्राहियों को आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला पंचायत स्तर के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निगरानी और फिल्ड विजिट कर हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करने में लगे रहे। इसका परिणाम यह हुआ कि जिले को जो 59 हजार 333 आवास बनाने का टारगेट मिला था, उसमें से 35 हजार से अधिक आवासों का निर्माण पूर्ण कराकर जिला प्रदेश के बाकी जिलों से आगे बढ़ गया है। कुल स्वीकृत आवासों में से अभी भी जिले में 24 हजार 329 आवासों का निर्माण कार्य चल रहा है।



**जनपद पंचायतवार पूर्ण आवास**

- बिल्हा जनपद पंचायत - 9 हजार 484 आवास
- कोटा जनपद पंचायत - 7 हजार 711 आवास
- मस्तूरी जनपद पंचायत - 10 हजार 901 आवास
- तखतपुर जनपद पंचायत - 6 हजार 908 आवास

### पुराना स्वीकृत 56 हजार आवास पूर्ण

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016 से 2023 तक जिले में 59 हजार 123 आवास स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 56 हजार 25 आवास पूर्ण हो चुके है। अभी भी पुराने स्वीकृत आवासों में लगभग 3 हजार से अधिक आवास पूर्ण नहीं हो पाए हैं। पुराने आवासों के बजाए साल-डेढ़ साल भीतर स्वीकृत हुए आवासों में से काफी तेजी से आवास बनाए जा रहे हैं।

### तेजी से कराया जा रहा काम

आवास निर्माण की प्रक्रिया में संपूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्ध कार्य किया जा रहा है। नियमित रूप से निगरानी एवं फील्ड विजिट कर हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा परस्पर समन्वय एवं आवश्यक सहयोग से ही बड़े लक्ष्य की प्राप्ति की गई है। सामग्री एवं राजमिस्त्रियों की उपलब्धता ग्राम पंचायत स्तर पर आवास निर्माण के पूर्ति के लिए रोजगार सहायक एवं आवास मित्रों द्वारा हितग्राहियों को गुणवत्तायुक्त सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

**-संदीप कुमार अग्रवाल**
सीईओ, जिला पंचायत


21 में से महज 14 मोहल्ला क्लीनिक में मिल रही इलाज की सुविधा

# अस्पताल खोलने जमीन तक नहीं, 6 माह से डाक्टरों को विभाग दे रहा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में मोहल्ला क्लीनिक खोलने की योजना बनाई है, विभाग के आदेश पर 21 क्लीनिक की शुरूआत की जानी है, लेकिन वर्तमान में 14 ही क्लीनिक चल रही है। विभाग ने रिटायरमेंट के बाद 7 डाक्टरों की भर्ती बतौर संविदा कर चुका है लेकिन इन डाक्टरों से काम लेने में विभाग पस्त है। बताया जा रहा है कि अस्पताल व क्लीनिक के लिए जगह की कमी है ज्यादातर डाक्टरों को अटैच कर काम ले रहा है, लेकिन इससे योजना का दम निकलने लगा है।

लोगों को पास-पड़ोस में ही स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मोहल्ला क्लीनिक योजना चलाई है। यहां डाक्टरों और स्टाफ की भर्ती एनएचएम द्वारा की जाती है। अप्रैल माह में करीब 7 डाक्टरों की भर्ती विभाग ने की है, सभी डाक्टर रिटायर्ड है और उनकी पदस्थापना बतौर संविदा की गई है, लेकिन इन अनुभवी डाक्टरों का लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा है। अस्पताल और क्लीनिक के लिए विभाग को जगह तक नहीं मिल पाई है, ऐसे में इन डाक्टरों पर लाखों खर्च करने के बाद भी मरीजों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल रहा है। विभाग इन डाक्टरों से काम लेने के लिए अलग-अलग पीएससी और स्वास्थ्य केन्द्रों में जबरिया ड्यूटी लगा रहा है जहां पहले से ही डाक्टर और स्टाफ मौजूद है। मरीजों को अनुभवी डाक्टरों के इलाज का फायदा नहीं होने से योजना पर सवाल उठने लगे है। अनुभवी डाक्टरों को प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है, लेकिन काम लेने में विभाग फिसड्डी साबित हो रहा है।



### इन डाक्टरों को दी गई है पदस्थापना

रिटायरमेंट के बाद जिले में 7 डाक्टरों को संविदा में पदस्थापना दी गई है। जिसमें डॉ प्रमोद तिवारी, डॉ प्रभात श्रीवास्तव, डॉ इला चंदेल, डॉ अनिल श्रीवास्तव, डॉ मनोज सैमुअल, डॉ अशोक कुमार सन्नाय, डॉ एआर बंजारे शामिल है। खास बात यह है कि इनमें से 4डाक्टर जिले में ही बीएमओ व सीएमएचओ का पद संभाल चुके हैं।

### राज्य सरकार को भेजा गया है प्रस्ताव

डाक्टरों से काम लेने के लिए उन्हें अलग -अलग जगहों पर भेजा गया है जहां उनकी ड्यूटी लगाई गई है। क्लीनिक खोलने के लिए जगह की मांग की गई है, स्टाफ भी पूरा नहीं है। हमने अपना प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया है।

**- डॉ शुभा गरेवाल**
सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

# क्रेडाई एक्सपो का समापन आज ग्राहकों को दिए गए उपहार

**बिलासपुर।** लोगों के सपनों का आशियाना पूरा करने के लिए क्रेडाई एक्सपो का तीन दिवसीय आवास मेले का 9 नवंबर को आखिरी दिन है। इसका समापन कल हो जाएगा। क्रेडाई अध्यक्ष सुशील पटेरिया ने

**बिजनेस प्लस**

बताया कि तीन दिवसीय इस क्रेडाई मेले में लोग अपने सपनों का आशियाना पूरा करने के लिए शहर सहित दूर दराज से लोगों ने यहां शिरकत की।

मेले में बिलासपुर क्रेडाई के अलावा रायपुर के प्रोजेक्ट भी मेले में रखा गया था। जिसे ग्राहकों ने काफी पसंद किया। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस मेले में लोगों की काफी भीड़ देखने को मिली। हर प्रोजेक्ट में ग्राहकों को रंगीन टीवी, सोने चांदी के सिक्के बुकिंग पर उपहार में दिए गए। इतना ही अतिथियों द्वारा उनका सम्मान भी किया गया। कई प्रतिष्ठत संस्थाओं का सम्मान भी किया गया। इसमें बार एसोसएशिन भी शामिल रहा। 8 नवंबर को अपोलो कैंसर रोकथाम के लिए महिला विग द्वारा पुस्तक का भी विमोचन किया गया। क्रेडाई संस्स्थाओं ने तरह तरह के उपहार अपने ग्राहकों को दिए। आज के मुख्य अतिथि क्रेडाई संरक्षक कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने इस मेले की जमकर तारीफ की। इसे लोगों के लिए एक फायदेमद निवेश व प्रोजेक्ट बताया। श्री पटेरिया ने बताया कि क्रेडाई का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को प्रोजेक्ट के माध्यम से उनके लिए एक अच्छा और सुलभ आवास उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए हमारी पूरी टीम लगी हुई। ग्राहकों को उनके पसंद के अनुरूप आन द स्पाट दिखाकर बुकिंग की सुविधा भी दी जा रही है। जो लोगों को खूब पसंद आ रही है। हर साल की तरह इस वर्ष भी क्रेडाई एक्सप्रो को जबरदस्ता रिस्पांस मिल रहा है। शहर के प्रतिष्ठित डेवलपर्स द्वारा एक्सट्रा आफर्स भी दिया जा रहा है। कोई फ्री रजिस्ट्री दे रहा है। कोई फ्री मेंटनेंस, तो कोई शानदार कैशबैक । ऐसे में यह सौदा ग्राहकों के लिए काफी फायदेमद साबित हो रहा है। आफर्स देने वाले डेवलपर्स में जीके मेघनंदन, श्री गणेश आचिंड, एसके बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स, स्वर्ण शिखर, अविरल डेवलपर्स, गीतांजलि एरा, उषा वैली, स्वर्ण एरा, दीवान कंस्ट्रक्शन, विजयश्री हेरिटेज, बालाजी अरपा आदि शामिल हैं। शनिवार को क्रेडाई संरक्षक कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव का पुष्प गुच्छा से स्वागत किया गया।




### केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन होंगे शामिल

मेले के अंतिम दिन समापन पर बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक, भूपेन्द्र सवन्नी, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

# मल्टी लाइन खंड में एक साथ दिखते हैं सब सिग्नल

**बिलासपुर।** मल्टी लाइन खंड में एक दिखा में समानांतरण अनेकों सिग्नल एक साथ दिखाई देते हैं। वहीं आटो सिग्नलिंग पद्धति में उनके संकेत अपने आप परिवर्तित होते रहते हैं। इसमें कुछ सिग्नल की लोकेशन घुमावदार क्षेत्र होने से परिवर्तित हो जाती है, जो गाड़ी संचालन के समय लोको पायलट को भ्रमित भी कर देती है।

इस तरह समस्या से दपूमरे के लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है, जिसके कारण ओवर शूट और दुर्घटना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आल इंडिया रेलवे लोको रनिंग स्टाफ ने अपनी समस्या यानि सैद्धांतिक व वास्तविक कार्यपद्धति में अंतर से उत्पन्न असुरक्षित व भ्रामक परिस्थितियों के कारण होने वाली एसपीएडी व टक्कर जैसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुझावों को दक्षिण पूर्व सर्किल के रेल सुरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा के समक्ष रखा है। एलारसा का कहना है कि सवारी व माल गाड़ियों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि करने, सामानांतर लाइनों की संख्या व सिग्नलों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि की जा रही है। लोको पायलट गाड़ी संचालन के दौरान काशन आर्डर, स्पीडोमीटर, डीडीएस स्क्रीन, इंडिकेशन लैम्प व गेज, लुक बैक, सिग्नल एक्सचेंज, डायवर्सन, ट्रैक व



ओएचई की सतत निगरानी के साथ ट्रैक्शन और ब्रेकिंग करना, सिग्नल कॉल आउट, वॉकी टॉकी, हार्न वीसीडी, एफसीडी व इंजन का शोर और सीडब्लूआरएस की सतत निगरानी असहज बनाती है। उसपर नित नए विरोधाभासी संचालन निर्देश जारी किए जाते हैं, जिसके कारण भ्रामक स्थिति उत्पन्न होती है। सीआरएस को दिए गए सुझाव में आल इंडिया रेलवे रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सिम्युलेटर में सिंगल स्टेप में गाड़ी कंट्रोल करना सिखाया जाता है। सायकलिक ब्रेकिंग मना है, जबकि फील्ड काउंसलिंग में 1000 मीटर, 800 मीटर, 500 मीटर, 100 मीटर व 50 मीटर के पांच स्टेप में गाड़ी कंट्रोल करना कहा जाता है, जो सायक्लिक ब्रेकिंग दर्शाता है। इसी परिपेक्ष में सेमी आटोमेटिक एडवांस स्टार्टर को प्रायः आटो मोड में रखा जाता है।

### एकाग्रता भंग करता है सिग्नल

आल इंडिया रेलवे लोको रनिंग स्टाफ ने सीआरएस को बताया कि सिग्नलों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि एवं उसकी सतत निगरानी के मध्य सिग्नल एक्सचेंज करना लोको पायलट की एकाग्रता को भंग करता है। लोड टेस्टिंग के बिना सिंगल लोको से अत्यधिक लोड की गाड़ियां संचालित की जा रही है, जिससे स्टालिंग का मनोवैज्ञानिक दबाव लोको पायलट पर हावी रहता है। रेलवे बोर्ड के निर्देश अनुसार 200 किलोमीटर से अधिक दूरी की संचालित मेमू में असिस्टेंट लोको पायलट देना अनिवार्य है, लेकिन एसईसीआर में एक भी असिस्टेंट लोको पायलट की मेमू ट्रेनिंग कंपीटेंसी नहीं है।

# आप ने सिस्टम व सुरक्षा कवच पर उठाए सवाल

**बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा बिलासपुर में रेल दुर्घटना को लेकर सिस्टम और सुरक्षा कवच को लेकर सवाल उठाया है। पार्टी ने रेल मंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए घटना के लिए जिम्मेदारी रेलवे अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की है। बिलासपुर में रेल दुर्घटना मामले में प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने कहा बिलासपुर जोन देश का सबसे ज्यादा कमाई देने वाला जोन है फिर भी यहां सुरक्षा कवच क्यों नहीं है। रेल मंत्री सुरक्षा कवच की बात करते हैं किन्तु ये सब हवाहवाई है। सुरक्षा कवच के नाम पर सरकार और मंत्री जनता को बेवकूफ बना रहे है। आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष बंजारे ने कहा कि यह दुर्घटना मात्र राज्य का नहीं बल्कि केन्द्र का भी मामला है, रेलवे का मामला है। केन्द्र का और मंत्री अश्विन वैष्णव का भी कोई स्टेटमेंट नहीं आया है। दुर्घटना में छोटे से बच्चे के मां-बाप मारे गए उस बच्चा के भविष्य का क्या होगा। आप पार्टी का कहना है कि दुर्घटना की अभी जांच भी पूरी नहीं हुई है और हमारी जानकारी में ड्राईवर को दोषी मान लिया गया जो कि कार्यस्थल पर देश सेवा करते हुए शहीद हो चुका है। रेलवे के टेक्निकल स्टाफ सिग्नल स्टाफ की क्या कोई जिम्मेदारी नहीं है। आप पार्टी मांग करती है कि दुर्घटना में दोषी अधिकारियों और टेक्निकल स्टाफ समेत रेल मंत्री पर कार्रवाई हो, रेल मंत्री इस्तीफा दे और बिलासपुर रेलवे जोन में सुरक्षा कवच लगाया जाए।

# फ़ैशन फ़ोक टेल 2.0 में दिखी भारतीय लोक संस्कृति की झलक



**बिलासपुर।** इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी परिसर में "फ़ैशन फ़ोक टेल 2.0" कार्यक्रम का भव्य आयोजन 8 नवम्बर को किया गया। इसमें रचनात्मकता, परंपरा और आधुनिकता का अनोखा संगम देखने को मिला।विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परिधानों ने भारतीय लोक संस्कृति की झलक पेश की। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में फैशन शो, एग्जिबिशन-कम-सेल तथा फ्री मेकअप और स्टाइलिंग सेशन का भी आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में आगंतुकों ने भाग लिया।

समारोह में निर्णायक फ़ैशन डिज़ाइनर सुश्री नेहा दीप्ता और कृष्णा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या रुंकी अवस्थी ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना की और विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मेकअप आर्टिस्ट त्रिशना ने मेकअप सेशन तथा फ़ैशन स्टाइलिंग सेशन भी आयोजित किया। जिसे विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से सीखा। इसमें भाग लेने वालों में गौरी वर्मा, अर्धना महंत, मेहर निहलानी, दिशा चौबे, निशा खहर, ख़ुशी जगदे, आंचल पटेल, भावना डोडवानी, रीता निहलानी, पूजा भगतानी और पूजा मंछंदा रहीं। जिन्होंने अपनी उत्कृष्ट डिज़ाइनों से सभी का दिल जीत लिया। संस्थान की निदेशक सईदा वनक के मार्गदर्शन में यह आयोजन युवा डिज़ाइनर्स को मंच प्रदान करने और फैशन जगत में नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

# स्किल डेवलपमेंट कंप्यूटर कोर्स विद्यार्थियों को एसएसपी ने दिए सर्टिफिकेट

**बिलासपुर।** चेतना अभियान के अंतर्गत आओ संवारे कल अपना कार्यक्रम में स्किल डेवलपमेंट कंप्यूटर कोर्स विद्यार्थियों को एसएसपी रजनीश सिंह ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

एसएसपी श्री सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे चेतना मुहिम अंतर्गत आओ संवारे कल अपना कार्यक्रम के इस चरण में युवाओं को स्किल डेवलपमेंट कंप्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटर का निशुल्क कोर्स कराया गया। गत एक माह से चल रहे इस प्रशिक्षण अभियान को चेतना मुहिम से जुड़ी समाजसेवी संस्थान जीवधर्णी फाउंडेशन की क्रियान्वयन अथवा प्रशिक्षण में मुख्य भूमिका रही। प्रशिक्षण उपरांत लाभान्वित 112 विद्यार्थियों को चेतना भवन में एसएसपी ने सर्टिफिकेट प्रदान किया । उन्होंने कहा सब कानून का पालन करने अथवा समाज में जागरूकता लाने के लिए इन सभी विद्यार्थियों को चेतना प्रहरी बनाया गया।

- **एसएसपी ने विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित**

साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने सफल संचालन के लिए जीवधर्णी फाउंडेशन और विद्यार्थियों को बधाई दी।

इस अवसर पर पूर्व निरीक्षक उमाशंकर पांडे, अतिरिक्त एडिशनल एसपी अर्चना झाख डीएसपी मंजू लता केरकेट्टा, आर आई भूपेंद्र गुप्ता, जीवधर्णी फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास चंद्र वर्मा, अशोक श्रीवास्तव, प्रतिज्ञा सिंह, लेफ्टिनेंट आशीष शर्मा, आर्यन तिवारी, राजा कौशिक आदि मौजूद थे।






माँ भारती को समर्पित देशभक्ति और आध्यात्मिकता के भाव से भरा गीत

# वंदे मातरम

राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर

## हार्दिक शुभकामनाएं




सुजलाम् सुफलाम् मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलाम् मातरम्। वन्दे मातरम् ।।1।।

शुभ्रज्योत्स्ना पुलकितयामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीम् सुमधुरभाषिणीम्,
सुखदाम् वरदाम् मातरम्। वन्दे मातरम् ।।2।।

कोटि-कोटि कण्ठ कल-कल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
के बॉले माँ तुमि अबले,
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीम्,
रिपुदलवारिणीं मातरम् ।वन्दे मातरम् ।।3।।

तुमि विद्या तुमि धर्म, तुमि हृदि तुमि मर्म,
त्वम् हि प्राणाः शरीरे, बाहुते तुमि माँ शक्ति,
हृदये तुमि माँ भक्ति,
तोमारेई प्रतिमा गड़ि मन्दिरे-मन्दिरे ।
वन्दे मातरम् ।।4।।

त्वम् हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी, नमामि त्वाम्,
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम् ।
वन्दे मातरम् ।।5।।

श्यामलाम् सरलाम् सुस्मिताम् भूषिताम्,
धरणीम् भरणीम् मातरम्। वन्दे मातरम् ।।6।।



























खबर संक्षेप

## डिप्टी सीएम साव ने लोरमी को दी सौगात




**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरवासियों को स्ट्रीट लाइट एवं फुटपाथ के खेल परिसर निर्माण के लिए बड़ी सौगात प्रदान की है। उन्होंने नगर पालिका परिषद लोरमी में अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों के लिए कुल 20 करोड़ 98 लाख 82 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। उक्त राशि से खेल परिसर व नगर सौदर्यीकरण, सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगेगी। फुटपाथ निर्माण होगा। इसी तरह विभिन्न वार्ड में स्ट्रीट लाइट हेतु केबल विस्तार के लिए 2 करोड़ 27 लाख 44 हजार की स्वीकृत किए गए हैं। वार्ड क्र 12 कोतरी नाला में मां समलाई टेंट हाउस तक आरसीसी नाली निर्माण के लिए 155.34 लाख स्वीकृति किए गए हैं। इस तरह कुल 20 करोड़ 98 लाख 82 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। उक्त स्वीकृति पर नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने नगरवासियों के तरफ से उपमुख्यमंत्री अरुण के का धन्यवाद ज्ञापित किया है। । लोक निर्माण विभाग के सभापति विश्वास दुबे ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव को धन्यवाद देते हुए कहा कि, स्वीकृत सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा, ताकि लोरमी नगर एक आदर्श नगर के रूप में विकसित हो सके।

## इंसान अली शाह रहमतुल्लाहि अलैह का महीना उर्स आज

**सीपत।** बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाहि अलैह का पाक महीना उर्स रविवार 9 नवंबर को बड़े ही अकीदत, एहतराम और शानो शौकत के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर दरगाह शरीफ को आकर्षक फूलों से सजाया गया है।



महीना उर्स कार्यक्रम के तहत दोपहर 12:40 बजे दरगाह के खादिमों द्वारा मजारे पाक का गुस्ल किया जाएगा। इसके बाद 1:30 बजे नूरानी शाही मस्जिद में जोहर की नमाज अदा की जाएगी। उर्स के अवसर पर इंतेजामिया कमेटी की ओर से दरगाह के पीछे श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध शाकाहारी लंगर का इंतजाम किया गया है। कमेटी के अध्यक्ष इरशाद अली ने बताया कि, उर्स की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड रायपुर के दिशा-निर्देशानुसार इस वर्ष 9 से 12 अक्टूबर तक 67वें सालाना उर्स पिछले महीने ही बड़े अकीदत और अनुशासन के साथ मनाया गया, जिसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु शामिल हुए। अब इंतेजामिया कमेटी, दरगाह लूतरा शरीफ के विकास के लिए राज्य वक्फ बोर्ड, जिला प्रशासन और ग्राम पंचायत के साथ मिलकर एक नए मास्टर प्लान के तहत डेवलपमेंट कार्य शुरू किया जाएगा।

## एसआईआर को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक



**तखतपुर।** इन दिनों निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची का एसआईआर चल रहा है, जिसके सम्बंध में आम लोगों को जानकारी देने के लिए भाजपा पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण तैयार करने हेतु बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदीप कौशिक जिला भाजपा महामंत्री, ललिता संतोष कश्यप उपाध्यक्ष जिपं बिलासपुर, संतोष कौशिक पूर्व मंडल अध्यक्ष विजयपुर, दिनेश कश्यप मंडल अध्यक्ष विजयपुर, श्याम सिंह ध्रुव जनपद सदस्य जूनापारा, प्रेम जगत जिला विशेष आंमत्रित सदस्य, संजय साकत मंडल उपाध्यक्ष विजयपुर, कामता कुलमित्र महामंत्री मंडल विजयपुर, जगदीश कश्यप महामंत्री मंडल विजयपुर, शिव यादव अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति विजयपुर, उत्तम श्रीवास अध्यक्ष सेवा सहकारी पाली, सरपंच घनश्याम कौशिक, रामकुमार यादव, उदय कौशिक, अंकित मिश्रा, अशोक कौशिक, प्रशांत पटेल, सुरेंद्र कश्यप, गुलशन पूरी, किशन श्रीवास, जयप्रकाश, सतानंद साहू, पुलश कौशिक, दिनेश साहू, प्यारेलाल साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

बिल्हा, पथरिया और सरगांव मण्डल में कार्यशाला में शामिल हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष

# मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की विश्वसनीयता की आधारशिला : कौशिक

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा मण्डल के रेस्ट हॉउस, पथरिया मंडल के वार्ड क्रमांक 8, नगर पंचायत पथरिया एवं सरगांव मण्डल.के मंगल भवन में आयोजित बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला में शामिल होकर संगठन के समर्पित साथियों के साथ सार्थक संवाद किया।




इस मौके पर श्री कौशिक ने इस कार्यशाला में आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के विभिन्न चरणों जैसे मतदाता सूची का अद्यतन, सत्यापन, नए मतदाताओं का नाम जोड़ना तथा त्रुटियों का सुधार पर विस्तार से चर्चा की। श्री कौशिक ने बताया कि सभी बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने अत्यंत उत्साह और जिम्मेदारी के साथ इस महत्वपूर्ण अभियान में भागीदारी निभाने का संकल्प व्यक्त किया। यह देखकर हृदय गर्व और संतोष से भर गया कि हमारे कार्यकर्ता न केवल संगठन के सशक्त स्तंभ हैं, बल्कि लोकतंत्र की नींव को और मज़बूत करने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एस आई आर यह लोकतंत्र की असली ढाल है, जिसके माध्यम से घुसपैठियों और नकली मतदाताओं को बाहर कर सच्चे नागरिकों के मताधिकार को सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का कार्य करता है और यह अभियान उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।मतदाता सूची की शुद्धता ही लोकतंत्र की विश्वसनीयता की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और सजगता से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि हर पात्र मतदाता सूची में जुड़ा रहे और अपात्र नाम हटाए जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर पर जितना मजबूत होगा, उतनी ही प्रभावी भागीदारी जनता तक पहुंचेगी।इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

# महर्षि कश्यप का जीवन चरित्र अनुकरणीयः अटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

- कसौंधन गुप्ता समाज ने मनाई महर्षि कश्यप जयंती




धार्मिक नगरी रतनपुर में कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज की ओर से क्षेत्रीय विधायक अटल श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में महर्षि कश्यप जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कसौंधन वैश्य समाज एवं प्रदेश संगठन के पूर्व अध्यक्ष रुद्र गुप्ता ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा के अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, बद्री गुप्ता, रामेश्वर प्रसाद, महेंद्र गुप्ता, भुवनेश्वर, रघुनंदन गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बुधवार 5 नवंबर को सुबह 11 बजे गुप्ता समाज के वरिष्ठजनों ने विधि-विधान से महर्षि कश्यप की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा, कि महर्षि कश्यप का सृष्टि के निर्माण एवं उसकी रचना करने में अहम योगदान रहा है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष रुद्र गुप्ता ने कहा कि, हम उनकी संतान हैं, इसलिए हम सबको उनके बताए मार्गों पर चलकर उनके जीवन चरित्र तथा उनके आदर्शों एवं विचार धाराओं को आत्मसात करते हुए समाज को एक मुकाम तक ले जाने के लिए बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। कसौंधन भवन में मनमोहक एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें गुप्ता समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार गुप्ता, महेंद्र गुप्ता एवं स्वागत भाषण होरीलाल गुप्ता ने प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय नारायण गुप्ता, रूपेश गुप्ता, मुरारी गुप्ता, रामदास गुप्ता, सुरेश गुप्ता, सौरभ गुप्ता, स्वप्नेश गुप्ता, कीर्ति गुप्ता, शनि गुप्ता पुरुषोत्तम गुप्ता शुभम गुप्ता हिमांशु गुप्ता नितीश गुप्ता, मुकेश, शशांक गुप्ता रमेश गुप्ता, विष्णु गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, जय प्रकाश, संतोष गुप्ता, गोलू गुप्ता, मुकेश गुप्ता का योगदान रहा।



## दो दिनों में 220 क्विंटल अवैध भंडारित धान जब्त

**लोरमी।** खाद्य एवं मंडी के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई करते हुए विगत दो दिनों 220 क्विंटल धान जब्त की। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य शाखा एवं मंडी की संयुक्त टीम ने 5 नवंबर को ग्राम डोंगरिया में दबिश देकर रंगनाथ श्रीवास के यहां से 50 क्विंटल एवं ग्राम सारधा में संजय फूड ग्रेन्स के यहां से 150 क्विंटल अवैध धान जब्त की। मंडी अधिनियम के तहत जब्त किया गया। इसी तरह 7 नवंबर को ग्राम सारधा के रामगोपाल साहू के यहां से 20 क्विंटल अवैध धान जब्त की गई। टीम ने बीते दो दिनों में कुल 220 क्विंटल अवैध भंडारित धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

## रुद्र महायज्ञ व भैरव जयंती महोत्सव की तैयारी तेज





**बिलासपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर स्थित श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर में आगामी रुद्र महायज्ञ एवं भैरव जयंती महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। हर साल की तरह इस बार भी आयोजन को भव्य और अनुशासित रूप में मनाने की तैयारी की जा रही है।

मंदिर समिति के सदस्य, पुजारी और भक्त दिन-रात व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। मंदिर परिसर में सजावट और साफ-सफाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। मुख्य द्वार से लेकर गर्भगृह तक रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सजावट की जा रही है। यज्ञ वेदी का निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है। बताया जा रहा है कि, इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ पिछले वर्षों से अधिक रहने की संभावना है, जिसके मद्देनजर बैठक व्यवस्था, जलपान और भंडारा स्थल को विस्तृत रूप दिया जा रहा है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि, 11 नवंबर को कलश यात्रा और पंचांग पूजन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद 12 नवंबर को भैरव जयंती महोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें सर्वदेव आवाहन पूजन, अग्नि प्रज्वलन और रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्य पुजारी पं जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि, इस वर्ष महोत्सव को विशेष रूप से पारंपरिक स्वरूप में मनाया जाएगा। महायज्ञ के नौ दिनों तक प्रतिदिन हवन, पूजन, रुद्राभिषेक, रामलीला और भंडारे का आयोजन होगा। भक्तों की सुविधा के लिए पंडाल और व्यवस्था दल नियुक्त किए गए हैं। आयोजन समिति के अनुसार 17 नवंबर की शाम यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न होगी, जबकि 19 नवंबर को 151 कन्याओं का पूजन, ब्राह्मण भोजन और सामूहिक महाभंडारा आयोजित किया जाएगा।

## कृष्णाप्रिया की कथा का शुभारंभ कल से, कलश यात्रा आज

लोरमी। जिंदल परिवार की ओर से अपने निज निवास में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 10 से 16 नवंबर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक पवन अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल एवं सुरेश अग्रवाल हैं। इस दौरान अंतराष्ट्रीय कथा वाचिका देवी कृष्ण प्रिया द्वारा अमृतमयी श्रीमद्भागवत कथा का रसपान श्रोताओं को कराया जाएगा। कथा शुरू होने से पूर्व 9 नवंबर को दोपहर 3.30 बजे कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा ठाकुर देव मंदिर निकल कर वापस कथा स्थल पहुंचेगी। कथा के पहले दिवस 10 नवंबर को श्रीमद्भागवत कथा महात्म का श्रवण कराया जाएगा एवं दूसरे दिन 11 नवंबर को प्रथम स्कंद, भगवान अवतार एवं नारद जी संवाद , 12 नवंबर को शुकदेव जी आगमन, ध्रुव चरित्र , एवं प्रहलाद कथा का वर्णन किया जाएगा। इसी तरह 13 नवंबर को गजेंद्र मोक्ष, बामन अवतार, समुद्र मंथन, श्रीराम-कृष्ण जन्मोत्सव एवं नंदोत्सव का वर्णन किया जाएगा। वहीं 14 नवंबर को श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं एवं गोवर्धन लीला, 15नवंबर को महारस मथुरा गमन एवं रुखमणि विवाह,16नवंबर को सुदामा चरित्र, भागवत सार एवं 17 नवंबर को हवन, पूर्णाहुति, सहस्त्र धारा व तुलसी वर्षा का आयोजन किया जाएगा ।



## जहां नारी का सम्मान, वहां अपने आप आएंगे विकास और संस्कार




**सीपत।** ग्राम बिटकुला के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में शनिवार को नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का माहौल ऊर्जा, संस्कार और प्रेरणा से भरा रहा।

महिलाओं, छात्राओं और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक सामाजिक आंदोलन का रूप दे दिया। मुख्य अतिथि सीपत थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने अपने जोशीले और भावनात्मक संबोधन में कहा कि, नशा व्यक्ति की सोच, परिवार की शांति और समाज की दिशा तीनों को नष्ट कर देता है। जो नशे से मुक्त है, वही वास्तव में स्वतंत्र है। नशे से दूर रहना सिर्फ अपनी सेहत की नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने महिलाओं को समाज की असली शक्ति बताते हुए कहा कि, जहां नारी का सम्मान होता है, वहां विकास और संस्कार अपने आप आते हैं। उन्होंने सभी ग्रामीणों से 'नशामुक्त बिटकुला, स्वच्छ बिटकुला' का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि बुधवारा बाई गंधर्व ने की। उन्होंने कहा कि, जब हर घर से नशा मिटेगा, तभी गांव में खुशहाली और नई पीढ़ी में उजाला आएगा। कार्यक्रम में जपं सदस्य अंकिता पांडेय, मितानिन ब्लॉक समन्वयक हीरालाल यादव, प्रधानपाठिका सरिता पाटनवार, उपसरपंच कोशल पाटनवार, जनप्रतिनिधि बुटन पाटनवार और पंचों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने अपने वक्तव्यों में एक स्वर में कहा कि समाज से नशे को मिटाना अब समय की सबसे बड़ी जरूरत है। समारोह में शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सेवा और ग्राम विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को 'नारीशक्ति सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्राओं और महिला मंडल की सदस्यों ने गीत, नाटक और नृत्य के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

## अग्रसेन कॉलेज में 'पावर ऑफ लैंग्वेज' विषय पर कार्यशाला

**बिल्हा।** अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में 'पावर ऑफ लेंग्वेज' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य भाषाओं की विविधता, संवाद की शक्ति और समाज में भाषा के सशक्त प्रभाव पर विमर्श करना था।




उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सवित्री त्रिपाठी ने कहा कि, भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि वह हमारी संस्कृति, विचारधारा और पहचान की आत्मा है। भाषा की शक्ति समाज को जोड़ने और विचारों को दिशा देने में निहित है। मुख्य वक्ता डॉ अमर सिंह ने कहा कि, भाषा का सबसे बड़ा प्रभाव उसकी सरलता और सजीवता में है। जब हम अपनी मातृभाषा में सोचते और बोलते हैं, तब हम अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं। आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बहुभाषिकता एक कौशल है, जिसे हमें शिक्षा प्रणाली में सशक्त रूप से शामिल करना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ तारणीश गौतम ने कहा कि, भाषा के बिना ज्ञान का संचार अधूरा है। एक भाषा से दूसरी भाषा में विचारों का स्थानांतरण ही मानव सभ्यता को आगे बढ़ाता है। विशिष्ट अतिथि डॉ आंचल श्रीवास्तव ने कहा कि, हिंदी सहित भारतीय भाषाएं भावनाओं की भाषाए हैं। इन भाषाओं ने समाज को जोड़ा है, विभाजित नहीं किया। डॉ शांतनु घोष ने कहा कि, भाषा सीमाओं को पार करने का माध्यम है। अंग्रेजी जैसी वैश्विक भाषा ने हमें विश्व के साथ जोड़ा है, लेकिन मातृभाषा से जुड़ाव हमारी आत्मा को समृद्ध करता है। कार्यशाला में शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## वन्दे मातरम के नारों से गूंजा सेमरसल विद्यालय



**लोरमी।** सेमरसल स्कूल के बच्चों ने 'वन्दे मातरम' गीत का सामूहिक गायन किया एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन देखा और सुना। प्रधान पाठक आत्माराम कश्यप ने ताया कि, 115 से अधिक बच्चों ने 'वन्दे मातरम' पर आधारित कार्यक्रम को देखा एवं देशभक्ति पूर्ण नारे लगाए। इस अवसर पर शिक्षक राकेश पांडेय, राजकुमार कश्यप, पुष्पा चतुर्वेदी, उमाशंकर सिंह सहित आरती गुप्ता, स्मिता सिंह, ललिता शर्मा, स्वतंत्र ध्रुव ने बच्चों का माग्गदर्शन किया।

## टेनिस बॉल क्रिकेट का स्पर्धा का शुभारंभ आज

**पथरिया।** नगर में 7 दिवसीय चैंपियन कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार से होगा। प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 9 नवंबर 15 नवम्बर तक पं जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में किया जा रहा है।

**आम सूचना**

मै अपने पक्षकारगण जुफेकार अली खान एंव अंजार अली खान दोनो पिता राशिदुल्ला खान निवासी कासिमपारा तोरवा बिलासपुर से अधिकृत हो कर निम्न आशय का आम सूचनापत्र प्रकाशन करती हूँ कृपया अवगत होवे कि मेरे पक्षकारगण ने सय्यद गौहर आबेदीन पिता सय्यद जैनूल आबेदीन एंव अन्य निवासी कासिमपारा तोरवा बिलासपुर (उक्त तयसुदा संपत्ति विक्रेतागण के परिवारिक संपत्ति है) उनके स्वत्व एंव स्वामित्व की भूमि जो कि खसरा नंबर 231/1 मे से रकबा 0.1389 हे., खसरा नंबर 230/1 मे से रकबा 0.0394 हे. मौजा ढेका रा.नि.म. सिरगिटी तह व जिला बिलासपुर मे स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है व निकट भविष्य मे पंजीयन कराया जावेगा। इस पंजीयन के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति संस्था बैंक, निकाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय मे उपस्थित हो कर मय दस्तावेज सहित 7 दिवस के भीतर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करावे समय सीमा व्यतीत होने पर की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

सविता पंजाबी
अधिवक्ता पंप हाउस के पास
तिवारी चाल राजेन्द्र नगर
बिलासपुर छ.ग.
मो.9424150589

**न्यायालय प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस**

प्रकरण क्रं. 1049/2019
आदेश दि 06.11.25
पेशी ता. 17.12.25
प्रोसेस क्रं. 576/25

1/ श्रीमती कल्याणी तिवारी पति श्री लवकुश तिवारी उम्र 30 वर्ष 2/ कु. अक्षया तिवारी पिता श्री नलकुश तिवारी उम्र 04 वर्ष दोनों निवासी आर.बी. ग्रीन कालोनी पार्क के सामने यदुनंदन नगर, तिफरा थाना सिरगिट्टी पार्क जिला बिलासपुर (छ.ग.) ...............आवेदिका

// विरूद्ध //

लवकुश तिवारी पिता श्री राकेश तिवारी उम्र 25 वर्ष निवासी-आसमां सिटी कोम मकान नं ए.जे./189. थाना सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) .........अनावेदक

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती कल्याणी तिवारी वगैरह ने अनावेदक के विरूद्ध धारा 125 दं.प्र.संहिता वास्ते भरण-पोषण राशि दिलाये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश की है, जिसकी पेशी दिनांक 17/12/25 है।

अनावेदक लवकुश तिवारी पिता श्री राकेश तिवारी उम्र 25 वर्ष निवासी-आसमा सिटी कोम मकान नं ए.जे/189, थाना सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 17/12/25 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वतः उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाबदावा पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 17/12/25 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित जाता है, या सार्वजनिक अवकाश हो जाता है, या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है, तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 07/12/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की मुहर लगाकार जारी किया गया।

दिनांक 07.11.25
स्थान बिलासपुर (छ.ग.)
(निरंजन लाल चौहान)
प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जमीन खरीददार/क्रेता अमित कुमार गुप्ता पिता राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता निवासी हाऊस नंबर एच-2/19 नर्मदा नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का रहने वाला हूं जो कि ग्राम बेलसरा प.ह.न. 07 रा.नि.मं. तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमिस्वामी रोहित कुमार पिता भगवान सिंह जाति क्षत्रिय के नाम पर राजस्व अभिलेखो मे दर्ज भूमि ख.न. 963 रकबा 0.6560 हे. भूमि को खरीदने का सौदा कर रहा हूं। इस भूमि को भूमिस्वामी रोहित कुमार पिता भगवान सिंह अपने स्वंय का नीजि भूमि बताकर मेरे पास बेचने का सौदा कर रहा है और मै आवश्यक जांच, खोजबीन, उपरांत राजस्व अभिलेखो को देख लेने उपरांत जमीन भूमिस्वामी रोहित कुमार के नाम पर होने से खरीदने तैयार हुआ हूं।

जिस किसी व्यक्ति, निकाय, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, कार्यालय, वित्तीय संस्था कंपनी आदि जिसका किसी भी प्रकार का कोई हित ग्राम बेलसरा स्थित भूमि ख.न. 963 रकबा 0.6560 हे. मे निहित हो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद मय दस्तावेज के साथ अपना दावा आपत्ति, नीचे लिखे पते के अनुसार स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिकर्ता के माध्यम से पेश कर सकते हैं बाद समय 15 दिन बीत जाने के बाद किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा, स्वीकार, ग्रहण एवं सुनवाई योग्य नही होगा और मै क्रेता, विक्रेता से यह जमीन खरीदने के लिए तैयार होकर पंजीकृत बैनामा निष्पादित करा लूँगा।

मूलत: जानकारी सर्वसाधारण तमिल जानिए।
दिनांक-08/11/2025
खरीददार/भूमि क्रेता
अमित कुमार गुप्ता
पिता राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, निवासी हाऊस नंबर एच-2/19 नर्मदा नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

– ईश्तहार प्रकाशन –

क्रमांक/57/ वा.तह. बोदरी/2025
बोदरी दिनांक 04/11/2025

एदत द्वारा ग्राम बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक इंदल सिंह ओगरे निवासी नगर पालिका परिषद बोदरी वार्ड क्रमांक 05 कुर्मी धर्मशाला के सामने तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा ग्राम बोदरी म.न. 4 तहसील बोदरी स्थित भूमि खसरा नंबर 404/2 रकबा 3.9620 हे. भूमि में से 10-15 डि. शासकीय भूमि को सतनामी समाज हेतु मांग किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति / आम जनता को दावा आपत्ति हो तो स्वंय अथवा अपने अभिभावक/अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 21/11/2025 तक कर सकता है। समयावधि पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी।

आज दिनांक 04/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक क/ /अति.तह./वाचक/2025
बिलासपुर, दिनांक 4/11/2025,
रा.प्र.क्र...../अ-6/2025-26
ग्राम-मंगला, प.ह.नं. 35

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला प.ह.नं.35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा मंगला, प.ह.नं.35, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 945/3 रकबा 1308 वर्गफुट भूमि को आवेदिका श्रीमती उर्वशी तिवारी पति स्व.ईश्वर तिवारी निवासी इन्द्रसेन नगर, बाया गली नं. 02 मंगला तहसील बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत खातेदार के फौत होने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/दावा हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 24/11/2025 समय 11.000 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 4/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार मोहनलाल श्रीवास पिता स्व. श्री सरहा राम श्रीवास निवासी बजरंग पारा गतौरा तह. मस्तूरी जिला बिलासपुर से अधिकृत होकर जन सामान्य अवगतार्थ निम्न आशय की सूचना प्रकाशित करता हूं, अवगत हो,

मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा सीपत प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. सीपत तह. सीपत जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.क्र. 976/5 रकबा 0.38 ए. भूमि जिसका ऋण पुस्तिका क्र. 0272431 है के भूमि स्वामी मोहन लाल गुप्ता पिता स्व. राम शरण गुप्ता निवासी ग्राम सीपत जिला बिलासपुर के भूमि स्वामी हक की भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम अनुबंध की राशि चेक द्वारा अदा कर दिया गया है तथा शेष राशि अदा कर शीघ्र ही पंजीयन हेतु तत्पर है।

अतः उपरोक्त भूमि के हुये संव्यवहार में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय या वह जो भी उपरोक्त भूमि के किसी भी अंश पर अपना हित रखता है वह सात दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा पंजीयन करा ली जायेगी। सो सूचना जाने।

दिनांक 08.11.2025
Preet Prakash Singh
ADVOCATE
District & Session Court
Bilaspur (C.G.)

**आम सूचना**

मैं पंकज कुमार खेड़कर, पिता स्व. श्री दिवाकर स्व. श्री दिवाकर श्रीधर खेड़कर, निवासी पोस्ट ऑफिस गली, टिकरापारा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से आम जनता को निम्न आशय की सूचना प्रकाशित कर रहा हूं:-

यह नाम पंकज कुमार खेड़कर, आत्मज स्व. श्री दिवाकर श्रीधर खेड़कर है। मेरे पक्ष में जारी पहचान और शैक्षणिक योग्यताओं से संबंधित कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम पंकज खेड़कर अंकित है तथा वर्तमान में मेरा नाम दुरूस्त होकर पंकज कुमार खेड़कर अंकित है। उक्त दोनों नाम तथा इससे संबंधित दस्तावेज मुझ एक व्यक्ति के ही है, जिसके संबंध में आम जनता को सूचना बाबत मैं यह आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूं।

अस्तु सूचना जाने।

भवदीय
(पंकज कुमार खेड़कर)
कार्यालय पोस्ट ऑफिस गली,
टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9827177013,
7000182647

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार के द्वारा अधिकृत व निर्दिष्ट होकर यह आम सूचना का प्रकाशन करता हूं-

यह कि मौजा महमंद, प.ह.नं. 44, रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तह. व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 511/170 कुल रकबा 2100 वर्गफुट जो कि समस्त राजस्व अभिलेखों में कौशिल्या बाई यादव के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया जाकर, बतौर बयाना राशि मेरे पक्षकार द्वारा प्रदान किया जा चुका है।

उक्त भूमि का पंजीयन 1 माह के भीतर निष्पादित किया जायेगा।

अत: किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक इत्यादि को उक्त भूमि के संबंध में कोई स्वत्व, दावा, आपत्ति इत्यादि हो तो वह 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज दर्ज करवाया जा सकता है।

नियत समयावधि के पश्चात किये गये आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन निष्पादित करा लिया जाएगा।

सो सूचना जाने।
स्थान-बिलासपुर
दिनांक-
अधिवक्ता
हेमंत कुमार दिव्य
कार्या. ओम नगर जरहाभाठा
बिलासपुर छ.ग.
मो.7000599300

**कार्यालय रा.नि.मं., बोदरी, तहसील बोदरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन/मौका जांच समय उपस्थित होने हेतु**

प्रति, 1. गोपाल विजय वर्गी 2. सरजू श्रीवास / ननकी श्रीवास-देवकुमार श्रीवास 3. रामकुमार कौशिक, नवल कौशिक 4. दुर्गेश कौशिक 5. श्याम अग्रवाल 6. अन्य सरहदी भूमिस्वामी 7. ग्राम कोटवार।

विषय: सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।

संदर्भ: भवदीय न्याया.तह.के ज्ञा.क्र./वा.1/तह. 2025 बोदरी दिनांक 15.10.2025

उक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका गोपाल विजय वर्गी पिता/पति साहू राम निवासी तालापारा बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरीमन 05 प.ह.नं.01.,रा.नि.मं. व तहसील बोदरी स्थित भूमि ख.नं. 3311 रकबा 0.134 हे. भूमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 13.11.2025 को 12.00 बजे को किया जाना है। अत: आप उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें।

टीप:1.उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।2.आवेदक जरीब/टेप पकड़ने एवं चूना मार्किंग हेतु 2-3 मजदूर की व्यवस्था स्वयं करें।

रा.नि. बोदरी
तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर



# WEDDING SPECIAL



## गूंजेगी शहनाई, बजेगा बैंड बाजा और निकलेगी बारात




इस वर्ष यानी 2025 में अब केवल 11 दिन ही विवाह के शुभ मुहूर्त बचे हैं, जबकि आने वाले नए साल 2026 में 81 दिनों तक शहनाइयां गूंजेंगी।

इस बार मांगलिक कार्यों की शुरुआत तो होगी लेकिन सूर्य के तुला राशि में होने के कारण विवाह जैसे प्रमुख अनुष्ठान एकादशी के बाद 21 नवंबर से ही प्रारंभ होंगे। आने वाला वर्ष 2026 अधिक मास वाला होगा, जिसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है. इसमें 12 की जगह 13 महीने रहेंगे, क्योंकि उस वर्ष पंचांग में दो ज्येष्ठ माह पड़ेंगे। यह अवधि दो मई से 29 जून तक लगभग 59 दिनों की रहेगी। मास का अगला भाग 17 मई से पंद्रह जून के बीच रहेगा।



**2025 में अब सिर्फ 11 विवाह मुहूर्त:** वर्ष 2025 में अब केवल कुछ ही दिन विवाह के लिए शुभ रहेंगे. इस अवधि में अब 11 दिन ही विवाह के योग हैं. नवंबर में 21 से 25 नवंबर तक और फिर 29 एवं 30 नवंबर को विवाह के योग हैं। दिसंबर में 1, 4, 5 और 6 दिसंबर को विवाह के शुभ मुहूर्त रहेंगे।

**2026 में 81 विवाह शुभ मुहूर्त:**
अधिक मास के कारण इस साल विवाह के कुल 81 मुहूर्त बन रहे हैं। फरवरी में विवाह का शुभ समय 4 से 8 फरवरी और 10 से 16 फरवरी तक रहेगा। मार्च में लगातार 3 से 14 मार्च तक विवाह के योग बनेंगे। अप्रैल में 15, 20, 21 अप्रैल को और फिर 25 से 30 अप्रैल तक विवाह की तिथियाँ शुभ रहेंगी। मई माह में 1 मई, फिर 3 से 9 मई, तथा 12, 13 और 14 मई को विवाह के योग रहेंगे।

जून में लगातार 19 से 30 जून तक शहनाइयां गूंजेंगी। जुलाई में 1 और 2 जुलाई, फिर 6 से 8 जुलाई तथा 11 और 12 जुलाई को विवाह के शुभ मुहूर्त रहेंगे। नवंबर में 20, 21, 24 से 27 नवंबर और 30 नवंबर को विवाह के योग बनेंगे। दिसंबर में 1 से 6 दिसंबर और 9 से 13 दिसंबर तक विवाह के लिए शुभ समय रहेगा। कुल मिलाकर पूरे साल में 81 दिन विवाह मुहूर्त रहेंगे।

## वेडिंग प्लानिंग
## शादी में लगाएगी चार चांद हर रस्म बनेगी यादगार

शादी पक्की होने से लेकर रिसेप्शन तक यही चिंता रहती है कि इवेंट में कोई कमी न रह जाए। वेडिंग को यादगार बनाने के लिए जरूरी है कि तैयारियों से जुड़े कामों को प्लानिंग का रूप दिया जाए ताकि ये समय से पूरे हो सकें, वो भी बिना किसी तनाव के। इसके लिए शादी तैयारी शुरू करें। जानते हैं किस माह में कौन सी तैयारी प्लान करें ताकि हर रस्म यादगार बन सके।

**आयोजन का बजट तय करें और वेन्यू बुक कर लें:-** दोनों पक्ष के फैमिली मेंबर्स को शादी व इससे जुड़ी रस्मों जैसे तिलक, हल्दी, मेहंदी, संगीत व रिसेप्शन की तैयारी तय कर लेनी चाहिए। तैयारी में मेहमानों की सूची और रस्मों में कुछ नया तरीका अपनाना चाहते हैं तो उसे भी शामिल करें। कार्ड के अलावा मेहमानों को फोन से इंविटेशन देकर अधिक समय लगने वाले कामों को निपटा लें। साथ रस्मों से जुड़े आयोजनों का बजट तय करें ताकि वेन्यू की बुकिंग की जा सके।

**तय कर लें आउटफिट्स और खाने का मेन्यू:-** विवाह स्थल पर होने वाली सजावट कैसी हो इसके लिए फ्लोरिस्ट और डेकोरेटर से बात करें। साथ ही रिश्तेदारों के ठहरने व खाने की व्यवस्था, फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर, बैंड आदि की बुकिंग करा लें। वर-वधू आउटफिट की सूची बनाकर शॉपिंग कर लें। इसके अलावा अलग-अलग रस्मों में खानपान का मैन्यू तय करें ताकि इससे संबंधित व्यक्ति को समय रहते बताया जा सके।

**निमंत्रण कार्ड प्रिंटिंग के लिए भेज दें:-** घर की मरम्मत और पुताई आदि कार्य निपटा लें ताकि खरीदारी के बाद आने वाले सामान को व्यवस्थित तरीके से रखा जा सके। निमंत्रण पत्र का चुनाव कर प्रिंटिंग के लिए भेज दें। शादी से जुड़ी शॉपिंग, उपहार खरीदारी जैसे कार्य पूरा करना इस दौरान जरूरी है ताकि मार्केट में मौजूद विकल्पों पर गौर किया जा सके। अगर इस दौरान निमंत्रण पत्र प्रिंट हो जाते हैं तो इन्हें रिश्तेदारों तक पहुंचा दें।

**तैयारी को कंफर्म करें:-** शादी से जुड़े आयोजनों के लिए पानी, जनरेटर, सुरक्षा, लाइट का प्रबंध कर लें। विवाह से जुड़ी सामग्री की लिस्ट पंडिज जी से बनवा लें और आयोजन से पहले हर हाल में खरीद कर रख लें। मेहंदी वाली की बुकिंग कर लें। सारी शॉपिंग लिस्ट और रसीदों को संभालकर एक जगह रखें। मेहमानों के लिए अतिरिक्त मेज-कुर्सियां, चादर, गद्दे, क्रॉकरी आदि की व्यवस्था कर लें। मेहमानों की सूची चेक करें ताकि जो छूट गया हो उसे निमंत्रण भेजा जा सके।

**फैमिली मेंबर्स की जिम्मेदारियां तय करें:-** मिठाइयों वगैरह के ऑर्डर दे दें। लास्ट में तैयारियों से जुड़े लोगों जैसे डेकोरेटर, डीजे, कैटरर आदि से एक बार बात कर कंफर्म कर लें। घर के सदस्यों की जिम्मेदारी पहले ही तय कर लें। आमंत्रित लोगों को दिए जाने वाले गिफ्ट की पैकिंग कर किसी जिम्मेदारी व्यक्ति को सौंप दें।


















## खबर संक्षेप

### मारपीट में घायल मामा की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** मारपीट में घायल मामा की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने आरोपी भांजे को गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, ग्राम मनवा निवासी उमेशर पटेल पिता स्व. रामप्रसाद पटेल 55 साल विगत 30 अक्टूबर को घर में थे। इसी दौरान उनका भांजा अजय पटेल शराब पीकर घर आया और किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। मना करने पर उसने डंडा से उमेशर पटेल पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। परिजन के द्वारा उमेशर पटेल को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी अजय पटेल को गिरफ्तार कर लिया है।

### एक युवती ने दूसरी युवती को घसीटा, वीडियो वायरल



**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में एक युवती के द्वारा दूसरी युवती का बाल पकड़कर घसीटते हुए मारपीट करने का वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस वीडियो के संबंध में पतासाजी कर रही है। वीडियो में बताया जा रहा है यह विवाद हैप्पी स्ट्रीट में हुआ है। इसके पूर्व पुराना रिवरव्यू में दो युवतियों के बीच जमकर मारपीट होने का वीडियो वायरल हुआ था। बताया जाता है देर रात तक रिवरव्यू व हैप्पी स्ट्रीट में युवतियों का जमावड़ा लगा रहता है। उनके बीच आए दिन मारपीट का मामला सामने आ रहा है। पूर्व में पुलिस ने हैप्पी स्ट्रीट से कई बदमाशों को चाकू के साथ पकड़ा गया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि वीडियो पुराना बताया जा रहा है। वहीं कोई भी पीड़ित घटना की रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आया है।

## सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने दुकान...



सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने ठेलों ने कब्जा कर लिया है, जिससे आने-जाने वाले को परेशानी होती है।

### जीआरपी की टीम ने बचाई जान

# पत्नी की मारपीट से प्रताड़ित व्यक्ति पहुंचा खुदकुशी करने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पत्नी के मारपीट और गाली गलौज से प्रताड़ित एक व्यक्ति जोनल रेलवे स्टेशन में ट्रेन के सामने खुदकुशी करने पहुंच गया, जिसे जीआरपी की टीम ने देखकर तत्काल बाहर निकालकर उसकी जान बचाई।

अपोलो हास्पिटल के पास सरकंडा निवासी कपिल सिंह राजपूत पिता अवध सिंह राजपूत 50 साल शनिवार की दोपहर को बिलासपुर रेलवे स्टेशन में पहुंचा था। स्टेशन पहुंचने के बाद कपिल सिंह प्लेटफार्म नम्बर एक और दो के बीच रेल लाइन के बीच में जाकर खड़ा हो गया और ट्रेन के आने का इंतजार करने लगा। इस दौरान प्लेटफार्म पर मालगाड़ी का आगमन हो रहा था। यात्रियों ने कपिल को देखकर आवाज लगाई, लेकिन वह लाइन से टस से मस नहीं हुआ। वहीं रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर जीआरपी के स्टाफ भी घूम रहे थे, जिन्होंने सफाई कर्मचारियों के सहयोग से कपिल को बाहर निकालकर थाने लाया। कपिल ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी पत्नी भगवती राजपूत के गाली गलौज और मारपीट से तंग आ चुका है। प्रतिदिन उसकी पत्नी मारपीट करती है, जिसके कारण वह जीना नहीं चाहता है। पत्नी की प्रताड़ना से तंग होकर वह खुदकुशी करने के लिए स्टेशन पहुंचा था, लेकिन उसे जीआरपी वालों ने बचा लिया।

जीआरपी के प्रभारी विश्वनाथ चक्रवर्ती ने बताया कि व्यक्ति आत्महत्या की नियत से स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर एक के लाइन पर खड़ा हुआ था, जिसे बाहर निकालकर समझाइश दी गई है। उस व्यक्ति को अब घर भेजने की तैयारी की जा रही है।



थाने में समझाइश देते जीआरपी के जवान।

### यार्ड आधुनिकीकरण से ट्रेन परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर।** शालीमार यार्ड के आधुनिकीकरण के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान बिलासपुर आने वाली कुछ ट्रेनों को रद्द करने के साथ डायवर्ट रूट से भी चलाया जाएगा। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे खड़कपुर रेल मंडल के शालीमार यार्ड का आधुनिकीकरण कार्य 13 से 23 नवंबर तक किया जाएगा। इसकी वजह से यार्ड से होकर गुजरने और चलने वाली ट्रेनों का मार्ग अवरूद्ध रहेगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित होगा। इसमें 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 22, 23 नवंबर को एलटीटी से चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21 नवंबर को शालीमार से चलने वाली 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस, 12, 13, 19 नवंबर को एलटीटी से चलने वाली 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस, 14, 15, 21 नवंबर को शालीमार से रवाना होने वाली 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द की जाएगी। वहीं 18 नवंबर को एलटीटी से चलने वाली 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस सांतरागाछी स्टेशन में समाप्त करने के कारण सांतरागाछी एवं शालीमार के बीच रद्द रहेगी। यह ट्रेन 20 नवंबर को 12101 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस ट्रेन बनकर सांतरागाछी से ही एलटीटी के लिए रवाना होगी।

# दूसरे दिन भी अधजली लाश की नहीं हुई पहचान, पुलिस खंगाल रही फुटेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा सब्जी मंडी में मिली अधजली लाश की दूसरे दिन भी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस घटनास्थल से शराब दुकान तक लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार की सुबह तिफरा सब्जी मंडी के पास एक व्यक्ति की अधजली लाश मिली थी। पुलिस ने आसपास के लोगों को तलब कर पहचान करने की कोशिश की। मृतक का चेहरा पूरी तरह से झुलस जाने व कपड़ा जल जाने से कोई पहचान नहीं कर पा रहा है। सर्चडाग मृतक के पैर को सूंघने के बाद आसपास क्षेत्र में भटक कर भागते हुए तिफरा सब्जी मंडी स्थित शराब दुकान में जाकर रूक गया। पुलिस घटनास्थल से शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल रही है। बताया जा रहा है। घटनास्थल पर कोई भी संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। इससे मृतक की किसी और जगह हत्या कर लाश मौके पर रखकर पहचान छिपाने के लिए लाश जला देने की आशंका जताई जा रही है। बहरहाल दूसरे दिन भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।



### असामाजिक तत्वों का अड्डा

मुख्यमार्ग से अंदर तिफरा सब्जी मंडी के सामने शराब दुकान में सुबह से देर रात शराबी व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहा है। यहां दूसरे प्रदेश से गाड़ी में सब्जी व अन्य सामान लेने वाले ड्राइवर व खलासी शराब पीने जाते हैं। इस दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा उनसे पैसे की मांग कर विवाद कर मारपीट की जाती है। बाहरी होने से लोग रिपोर्ट नहीं लिखाते हैं।

### एक माह पहले हिस्ट्रीशीटर के बेटे की हुई थी हत्या

12 अक्टूबर को सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, करबला निवासी हिस्ट्रीशीटर बाबा खटिक उर्फ संतोष का बेटा साहिल 19 साल अपने दोस्त गुण्डा बदमाश किशन यादव सुबह 4 बजे शराब खरीदने तिफरा सब्जी मंडी शराब दुकान के पास गया था। अधिक रकम में शराब बेचने के विवाद में साहिल की हत्या कर दी गई थी।

# पीएम के बाद अधिवक्ता का शव परिजन को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने अधिवक्ता के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। जांच के लिए बिसरा फ्रिजर किया गया है। बिसरा रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

■ बिसरा रिपोर्ट से होगा मृत्यु के कारणों का खुलासा

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, भाठापारा निवासी अधिवक्ता राहुल अग्रवाल मंगला में रहकर हाईकोर्ट में वकालत कर रहे थे। गुरूवार की रात 2 बजे रामसेतु पुल के रैलिंग के पास उनकी बाइक गिरी हुई हालत में मिली थी। सिविल लाइन पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया था। मोबाइल बंद मिलने पर शुक्रवार को परिजन उनका पतासाजी करते हुए सिविल लाइन थाना गए। वहां राहुल की बाइक मिली। पूछताछ में पुलिस ने जानकारी दी बाइक रामसेतु पर लावारिश मिली थी। उसके बाद परिजन व पुलिस रामसेतु के नीचे अरपा नदी में पतासाजी कर रहे थे। देर रात राहुल अग्रवाल की लाश नदी में मिली थी।

शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। डाक्टरों के द्वारा जांच के लिए बिसरा फ्रिजर कर दिया है। बिसरा जांच रिपोर्ट से मृत्यु के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS, MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन



डॉ. ऐश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी. ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123



डॉ. राजेश अग्रवाल
MBBS, MD (Medicine)
PGD (Diabetes) London, UK
CCEBDM (Diabetes) Chennai
PGCDM (Diabetes) Indore
Ex. Registrar, Medical College Raipur
Ex. Ass. Pro., Medical College Bilaspur
Reg. No. CGMC/2693/2009

डायबिटीज का इलाज

शुगर एवं शुगर दवाओं से जुड़ी गलतफहमियो का समाधान:- डॉ. राजेश अग्रवाल (MD)



क्या शुगर की अंग्रेजी दवाइयों से किडनी खराब होती है ? डॉक्टर की राय

डायबिटीज के मरीजों में यह धारणा आम हैं कि शुगर की गोलियों से उनके किडनी को नुकसान पहुँच सकता हैं। हालांकि यह पूरी तरह से मिथक हैं। सही मात्रा एवं सही तरीके से डॉक्टर की सलाह अनुसार ली गयी दवाईयां न केवल शुगर को नियंत्रित करती हैं बल्कि किडनी को क्षति ग्रस्त होने से बचाती हैं। शुगर के कारण किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता हैं जिससे किडनी खराब होने का खतरा रहता हैं। इस स्थिति से बचने के लिए ब्लड शुगर की नियंत्रण बेहद जरूरी हैं। शुगर की दवाईयां शुगर की स्तर को स्थिर रखती है और लम्बे समय तक किडनी की कार्य क्षमता को बनाये रखती है।

यह शुगर की गोलियां भारत के अलावा विश्व के लगभग 195 देशों में उपयोग होता है, अगर इन गोलियों से किड्नी खराब होती तो इन सभी देशों में गोलियों के उपयोग पर बैन कर दिया जाता। इसलिए इस प्रकार के भ्रामक प्रचारो से बचें एवं अपने डॉक्टर पर भरोसा रखें एवं अपनी दवाईयां नियमित रूप से ले और समय-समय पर अपने शुगर एवं किडनी की जाँच कराते रहें। मरीज भ्रामक प्रचार और गलत जानकारी के वजह से अपनी दवाईयां या इलाज बीच में ही छोड़ देते हैं जिसके कारण बढ़े हुए शुगर से किडनी खराब होने का डर बना रहता हैं।

क्या लक्षण रहित (Asymptomatic) शुगर का इलाज करना जरूरी हैं ? डॉक्टर की राय

बहुत सारे मरीजो में शुगर 300-400 होने के बावजूद उनमें कोई लक्षण नहीं होता, इसलिए शुगर से होने वाले दुष्प्रभाव से मरीज अनजान होते हैं एवं भविष्य में हार्ट अटैक, लकवा एवं किडनी खराब होने का डर बना रहता है। इसलिए लक्षण रहित शुगर का इलाज जरूरी हैं।

इसे हम एक **Example** से ऐसे समझ सकते हैं जैसे ट्रैफिक नियम अनुसार आपके गाड़ी का स्पीड 60-70**km**/ घंटे के हिसाब से होना चाहिए लेकिन जब आप गाड़ी का स्पीड 150**km**/ घंटे के रफ्तार से चलाते हैं तो आपका एक्सिडेंट होने का खतरा होता है, जिससे बचने के लिए जिस प्रकार आप ट्रैफिक नियम का पालन करते है, वैसे ही शुगर से होने वाले दुष्प्रभाव से बचने के लिए आपको मेडिकल गाइडलाइन्स का पालन करना चाहिए। मेडिकल गाइडलाइन्स के अनुसार आपका खाली पेट का शुगर (**FBS**)- 100 के आस-पास, नाश्ते के बाद दो घंटे के बाद का शुगर (**PPBS**) 150 के आस-पास एवं 3 महिने का औसत शुगर (**Hba1c**) 7 के नीचे होना चाहिए।

क्या डायबिटीज को रिवर्स किया जा सकता हैं ? डॉक्टर की राय

रिवर्स का मतलब होता है, बिमारी को जड़ से ख़त्म करना।
हम टायफाइड, डेंगु, मलेरिया को जड़ से ख़त्म कर सकते हैं, लेकिन डायबिटीज को जड़ से ख़त्म नहीं किया जा सकता। उसका रैमिशन किया जा सकता हैं। रैमिशन का मतलब हैं कि ब्लड शुगर इस हद तक नियंत्रित हो जाये कि मरीजों को दवाओं या इन्सुलिन की आवश्यकता न पड़े। इसके लिए जीवन शैली में बहुत सुधार की आवश्यकता होती है क्योकि जैसे ही जीवन शैली ख़राब होने लगती है शुगर फिर से बढ़ने लगता है।
**डायबिटीज रैमिशन के तरीके-**
**i. वजन नियंत्रण** :- मोटापा खासकर पेट के आस-पास की चर्बी डायबिटीज का मुख्य कारण हैं, वजन घटाने से इन्सुलिन संवेदनशीलता बढ़ती हैं और ब्लड शुगर नियंत्रित होता हैं।
**ii. सही आहार** :- लो - कार्बोहाइड्रेट और हाई - फाइबर डाइट पर ध्यान दे। कम मीठा फल, हरी सब्जीयां, साबुत आनाज और प्रोटीन से भरपूर भोजन ले। चीनी, मैदा, बेकरी एवं प्रोसेस्ड फूड से बचें।
**iii. नियमित व्यायाम** :- नियमित व्यायाम से ग्लूकोज के उपयोग की प्रक्रिया बेहतर होती हैं, प्रतिदिन 45 मिनट का वाकिंग एवं योग करें।
**iv. जीवनशैली में बदलाव** :- तनाव, ख़राब नींद और धुम्रपान जैसी आदतें डायबिटीज को बढ़ा सकती हैं, इन पर नियंत्रण जरूरी हैं।
**V. मेडिकल गाइडेंस** :-डॉक्टर की सलाह के बिना दवायें बंद न करें।नियमित जाँच और सही चिकित्सा मार्गदर्शन के साथ हि डायबिटीज का रैमिशन संभव हैं।

समय सुबह 11 से 2 एवं शाम 6 से 8 बजे तक ।। रविवार अवकाश
अग्रवाल शुगर क्लिनिक
सांझा चुल्हा रेस्टोरेंट के पास, व्यापार विहार रोड, महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर (छ.ग.) Mo. 7880289365, 6262343000
AdPRAYAS